●वर्ष : 16 ●अंक : 236 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान


लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 19 दिसम्बर 2024

## समाचार

### राजस्थान के अनेक इलाके शीतलहर व कोहरे की चपेट में



नूना न्यूज एजेंसी।

**राजस्थान।** के अनेक इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और लगातार शीतलहर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहा। इस दौरान कहीं-कहीं शीतलहर से अति शीतलहर दर्ज की गयी। पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं कोहरा भी छाया रहा। इस दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा संगरिया में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री, चुरू में 1.8 डिग्री, नागौर में 1.9 डिग्री, सीकर में 2.8 डिग्री, करौली में 3.4 डिग्री, पिलानी में 4.1 डिग्री व बीकानेर में 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी चार पांच दिन राज?य में मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा हालांकि एक कमजोर पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में औरगिरावट आने की संभावना है। राज्य में शीतलहर व कहीं-कहीं अति शीतलहर का दौर चार पांच दिन जारी रहने का अनुमान है।

## अंबेडकर पर सियासी घमासान

# कांग्रेस ने पीएम मोदी से की अमित शाह के इस्तीफे की मांग

**>> राज्यसभा में अमित शाह ने दिया था संबोधन**

कांग्रेस के लिए संविधान का अर्थ सिर्फ इतना था कि सत्ता में बने रहने के लिए जब चाहो संशोधन कर दो। तुष्टीकरण की शुरूआत भी इसीलिए हुई थी। तीखे स्वर में उन्होंने कांग्रेस से कहा- यदि कांग्रेस आज मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन कर रही है तो फिर पूरा शरीया ही क्यों नहीं दे दिया। निकाह और वारिस के लिए पर्सनल लॉ चाहिए तो अपराध में क्यों नहीं? अपराध करने पर पत्थर मारोगे, सूली पर चढ़ाओगे।



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री के भाषण को आपत्तिजनक बताया है। खरगे ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने गलत बयान दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। खरगे ने कहा कि पीएम मोगी गृहमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। खरगे ने कहा कि अमित शाह को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। बता दें कि संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "ये लोग संविधान में विश्वास नहीं करते। वे मनुस्मृति की बात करते हैं। पीएम मोदी ने अमित शाह का बचाव करने के लिए 6 ट्वीट किए। इसकी क्या जरूरत थी। अगर कोई बीआर अंबेडकर के बारे में गलत कहता है, तो उसे कैबिनेट से हटा दिया जाना चाहिए। लेकिन वे दोस्त हैं और एक-दूसरे के पापों का समर्थन कर रहे हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग मनुस्मृति में विश्वास करते हैं वे निश्चित रूप से आंबेडकर से असहमत होंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शाह के राज्यसभा में भाषण के अंश एक्स पर साझा किए।

इसमें शाह विपक्ष पर निशाना साधते हुए कह रहे हैं, 'अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर.. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। जयराम ने अपनी पोस्ट में कहा, 'नफरत इतनी है कि उन्हें बाबा साहब के नाम से भी चिढ़ होती है। ये वही लोग हैं जिनके पूर्वज बाबा साहब के पुतले जलाते थे, जो खुद बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान को बदलने की बात करते थे।" उन्होंने कहा, "शर्मनाक! अमित शाह को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। शाह ने कहा कि भाजपा ने जब कभी संशोधन किया तो देश के लिए किया। उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने मॉडल यूसीसी बनाया है। इसकी विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के बाद भाजपा सरकार इसे सभी राज्यों में लागू करेगी।

# शरद पवार ने पीएम मोदी से की मुलाकात

नूना न्यूज एजेंसी।



**नई दिल्ली।** NCP-SCP प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पवार ने पीएम मोदी से किसानों के मुद्दे को लेकर चर्चा की। मिली जानकारी के अनुसार, एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने सतारा और फलटण के अनार किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अनार भेंट किए। शरद पवार ने इस बात पर जोर दिया कि बैठक में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। हाल ही में शरद पवार ने पीएम प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद पवार ने कहा, मैंने साहित्य सम्मेलन के विषय पर बात नहीं की। शरद पवार की पीएम मोदी से ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान बयानबाजी में तल्खियां देखी गई थी। इस चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को करारी हार का सामना करना पड़ा।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# वन नेशन-वन इलेक्शन बिल अब (जेपीसी) के पास

## अगर 2025 में पास हुआ तो कब होंगे एक साथ चुनाव?




नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** 'एक देश-एक चुनाव' की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच इससे संबंधित संविधान का 129 वां संशोधन विधेयक और इससे जुड़ा एक अन्य विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। तब विपक्ष ने इस बिल को तानाशाही करार देते हुए बिल को संविधान संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की। केंद्र सरकार ने संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती और विपक्ष की मांग के मद्देनजर दोनों विधेयकों को जेपीसी में भेजने पर हामी भर दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब बिल मंत्रिमंडल में चर्चा के लिए आया था, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे खढउ भेजने की बात कही। अब दोनों विधेयक – संविधान का 129वां संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल जेपीसी को भेजे जाएंगे। सवाल ये है कि संसद का मौजूदा सत्र 20 दिसंबर तक है। ऐसे में संसद के इस सत्र में बिल पास नहीं होंगे। संयुक्त संसदीय समिति की मंजूरी मिलने के बाद अगर बिल संसद में बिना परिवर्तन पास हो गए तो यह कब तक अमल आएगा?

अगर विशेष बहुमत जुटाकर बिल पास करवा लिए गए तो निर्वाचन आयोग के पास 2029 की तैयारी के लिए सिर्फ दो साल साल बचेंगे। एक देश-एक चुनाव के तहत सभी राज्यों और पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए यह समय पर्याप्त नहीं है।

नहीं, अभी तक विधेयक में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि यह कब से लागू होना है। केंद्र सरकार ने इसे लागू करने का अधिकार अपने पास रखा है। राष्ट्रपति की अधिसूचना का समय भी स्पष्ट नहीं किया है।

**>> विधेयक पास होने के बाद क्या होगा?**

ये सबसे अहम सवाल है कि साल 2029 के चुनाव के बाद राष्ट्रपति अधिसूचना जारी कर लोकसभा की पहली बैठक की तारीख तय करेंगी। चुनाव होंगे और फिर पांच साल लोकसभा का फुल टर्म 2034 में पूरा होगा।

इसके साथ ही सभी विधानसभाओं का कार्यकाल पूरा मान लिया जाएगा, तब जाकर चुनाव एक साथ कराए जा सकेंगे। अगर अभी तक की प्रक्रिया देखी जाए तो बुनियादी जरूरतों के हिसाब से 2034 की टाइमलाइन मेल खाती है। चुनाव आयोग को एक देश एक चुनाव के लिए कम से कम 46 लाख ईवीएम चाहिए। अभी चुनाव आयोग के पास सिर्फ 25 लाख मशीनें हैं। मशीनों की एक्सपायरी 15 साल है। ऐसे में दस साल में 15 लाख मशीनों की उम्र पूरी हो जाएगी। मशीनों के इंतजाम में भी 10 साल का वक्त लग सकता है।

**>> कैसे होगा जेपीसी का गठन?**

संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। किस पार्टी के कितने सदस्य होंगे, यह संख्या संसद में पार्टियों की ताकत के हिसाब से तय होगी। ऐसे में सबसे बड़ी पार्टी होने से सबसे ज्यादा सदस्य और अध्यक्ष भाजपा से हो सकता है।

**>> जेपीसी क्या करेगी?**

एक देश-एक चुनाव से संबंधित आठ पेज के इस बिल में जेपीसी को अच्छा खासा होमवर्क करना होगा। संविधान के तीन अनुच्छेदों में परिवर्तन करने और एक नया प्रावधान जोड़ने की पेशकश की गई है। दरअसल, अनुच्छेद 82 में नया प्रावधान जोड़कर राष्ट्रपति द्वारा अपॉइंटेड तारीख पर फैसले की बात कही गई है। बता दें कि अनुच्छेद 82 जनगणना के बाद परिसीमन के बारे में है।

**>> जेपीसी कब देगी रिपोर्ट?**

संविधान का 129वां संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयकों को अंतिम रूप देने में करीब-करीब पूरा 2025 लग सकता है। ऐसा होता है तो ये दोनों बिल सदन में 2026 में फिर जाएंगे।

# क्या किया गया महाकुंभ मेले के लिए ट्रेन में मुफ्त यात्रा का प्रावधान?

## भारतीय रेलवे का आया इस पर बड़ा बयान

नूना न्यूज एजेंसी।



**प्रयागराज।** श्रद्धा, आस्था और संस्कृति का महापर्व महाकुंभ 12 साल में एक बार आने वाला महाकुंभ पौष पुर्णिमा के दिन यानी 13 जनवरी 2025 को प्रयागराज में होने जा रहा है। महाकुंभ मेला भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। इसमें साधु संतों के अलावा देश विदेश से लाखों लोग शामिल होते हैं। इसको लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, इसी बीच कई झूठी खबरें भी प्रकाशित हो रही हैं। कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब भारतीय रेलवे ने 18 दिसंबर को 'आधारहीन और भ्रामक' दावों को खारिज कर दिया कि यात्रियों को महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह भारतीय रेलवे के ध्यान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट यह दावा करते हुए रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं कि यात्रियों को महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि वे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने यात्रियों को आगे याद दिलाया कि वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्ती से प्रतिबंधित है और दंडनीय अपराध है। भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्त वर्जित है और दंडनीय अपराध है। महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें आगे बताया गया कि भारतीय रेलवे महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे ने कहा कि यात्रियों की अनुमानित आमद को प्रबंधित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्रों, अतिरिक्त टिकट काउंटरों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सहित पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

# बीजेपी ने राजनैतिक फायदे के लिये संभल-बहराइच में कराई हिंसा: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनीतिक फायदे के लिए संभल की घटना कराई है। 17 दिसंबर को विधानसभा में अपने संबोधन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार से कहा कि प्रदेश को सांप्रदायिकता की आग में जाने से बचाइये। इससे आपसी भाईचारा टूटेगा। विधानसभा में सपा ने संभल व बहराइच की घटना पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सपा सदस्य व संभल के विधायक इकबाल महमूद का नाम लेकर सीएम योगी ने बयान दिया था इस पर महमूद ने कहा कि उपचुनाव में वोट डालने नहीं दिया गया। 23 नवंबर को उपचुनाव का परिणाम आया, अगले ही दिन 24 नवंबर को फिर से सर्वे टीम पहुंच गई। वहां जय श्रीराम के नारे लगाए गए। इससे वहां तनाव हो गया। मैं और मेरा बेटा वहां नहीं थे फिर भी हमारे नाम आ गए। भाजपा ने राजनीतिक फायदे के लिए यह घटना कराई। सपा विधायक ने मुख्यमंत्री योगी के बटेंगे तो कटेंगे के नारे को याद करते हुए कहा कि फिर आप हमें क्यों बांट रहे हो। हमारे ऊपर बहुत अत्याचार हो रहा है। सपा के प्रतिनिधिमंडल को वहां क्यों नहीं जाने दिया गया, आखिर सरकार क्या छुपाना चाहती है। वहीं माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि बहराइच में यदि जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल होता तो वहां दंगा न होता। इस घटना की जांच करा लीजिए। संभल में मंदिर मिलने पर कहा कि मंदिर का कोई विरोधी नहीं है, वहां पहले से मंदिर था फिर क्यों कहा जा रहा है कि मंदिर मिल गया।

# प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी होंगे एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में शामिल: सूत्र

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** सूत्रों ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में लोकसभा से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत और राज्यसभा से रणदीप सुरजेवाला शामिल होंगे। मंगलवार को तीखी बहस के बाद लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था वाले दो विधेयक पेश किए गए। विपक्ष ने इस कदम को तानाशाहीपूर्ण बताया जबकि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह कानून राज्यों को प्राप्त शक्तियों से छेड़छाड़ नहीं करेगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने करीब 90 मिनट की बहस और मत विभाजन के बाद संविधान (129वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। विधेयक के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 सदस्यों ने मतदान किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूची 7 से परे मूल ढांचा है जिसे बदला नहीं जा सकता और विचाराधीन विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। तिवारी के विरोध के बाद कई अन्य विपक्षी दलों ने भी यही रुख अपनाया कि यह विधेयक संविधान की भावना के खिलाफ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और डीएमके के टीआर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी उन प्रमुख नामों में शामिल थे जिन्होंने विधेयक का विरोध किया।

# मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौका पलटने से एक व्यक्ति की मौत

## 21 को बचाया गया, बचाव अभियान जारी

नूना न्यूज एजेंसी।



**मुंबई।** में गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को यात्रियों को ले जा रही नौका पलट गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब नौका गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप जा रही थी। इस बीच, पुलिस ने बताया कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। नौका में 56 यात्री सवार थे और अब तक करीब 21 को बचा लिया गया है। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की सहायता से बचाव अभियान अभी चल रहा है। यह घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे हुई और अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस के बीच समन्वय में बचाव अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में नौसेना की 11 नौकाएं, समुद्री पुलिस की तीन नौकाएं और तटरक्षक बल का एक पोत सक्रिय रूप से क्षेत्र की तलाश कर रहा है। इसके अतिरिक्त, शेष यात्रियों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव (एसएआर) अभियान के लिए चार हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं।

CMYK

# कुलपति प्रो वरखेडी ने कहा स्टडी इन इण्डिया कार्यक्रम से विदेशी विद्यार्थियों को संस्कृत तथा भारत प्रत्यय की ओर आकर्षित किया जा सकता है

**दिल्ली, प्रो अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ सीएसयू।**

**दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी की अध्यक्षता में संस्कृत को लोकल से वोकल बनाने और इस भाषा को वैश्विक आयाम देने के लिए सीएसयू का एक बहुत ही महत्त्वाकांक्षी प्रकल्प अन्तर्राष्ट्रीय वृत्त एवं सहयोग (इंटरनेशनल अफेयर्स एण्ड कोलैबोरेशन) की एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण बैठक की गयी। कुलपति प्रो वरखेडी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय अफेयर्स एंड कोलेबोरेशन के द्वारा स्टडी इन इण्डिया



कार्यक्रम के माध्यम से विदेशी विद्यार्थियों को संस्कृत तथा भारत प्रत्यय की ओर आकर्षित किया जा सकता है। सूचनीय है कि इस बैठक में दिल्ली विश्वविद्यालय, मनीपाल विश्वविद्यालय, एनसीईआरटी, विश्व संयोजक- संस्कृत भारती के विशेषज्ञों के साथ साथ प्रो काशीनाथ न्यौपाने ,प्रो-चेयर ,भारतीय ज्ञान परम्परा ,प्रो मदन मोहन झा,डीन शैक्षणिक, प्रो. आर . जी. मुरली कृष्ण, कुलसचिव , प्रो मधुकेश्वर भट, निदेशक कार्यक्रम तथा योजनाएं ( केन्द्रीय )और सीएसयू के अनेक निदेशक तथा अधिकारीगण समुपस्थित रहें । इस बैठक में सीएसयू के अन्तर्राष्ट्रीय अफेयर्स एण्ड कोलेबोरेशन प्रकल्प के द्वारा किये गये अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों की समीक्षा की गयी और कुलपति प्रो वरखेडी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह समय की मांग है कि संस्कृत में जो अपार ज्ञान विज्ञान सन्निहित है उसे वैश्विक पटल पर लाने की आवश्यकता है जिसमें भारतीय ज्ञान परम्परा (आईकेएस ) के दर्शनों तथा उसके चिन्तनों पर नवाचारी प्रयोग और शोध करने की बहुत ही आवश्यकता है इसके उन्मेष तथा प्रचार प्रसार में यह अन्तर्राष्ट्रीय अफेयर्स प्रकल्प अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए स्टडी इन इण्डिया कार्यक्रम के माध्यम से भी विदेशी विद्यार्थियों को भारत में आकर पठन , पाठन तथा शोध करने के लिए अवसर को देकर संस्कृत तथा भारत प्रत्यय की ओर आकर्षित किया जा सकता है।



**दिल्ली :** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषित पहली सूची के 21 उम्मीदवार का आज प्रदेश कार्यालय में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से दिल्ली प्रभारी मौहम्मद काजी निजामुद्दीन, अभाक कमेटी के सचिव प्रभारी दानिश अबरार और सुखविन्दर सिंह डैनी तथा दिल्ली चुनाव के लिए बने वार रुप के चेयरमैन प्रियव्रत सिंह के समक्ष परिचय कराया।

# अगर नरेंद्र मोदी के मन में बाबासाहेब के प्रति थोड़ी भी श्रद्धा है तो रात 12 बजे से पहले अमित शाह को उनके पद से बर्खास्त करें।

**दिल्ली।** अमित शाह ने कहा कि आप लोग जितनी बार आंबेडकर का नाम लेते हैं, इतनी बार अगर भगवान का नाम लेते तो आपको सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता BJP-RSS के लोग संविधान को नहीं मानते हैं। ये लोग मनुस्मृति को मानने वाले लोग हैं, क्योंकि उसी में स्वर्ग-नरक और जातियों के बारे में कहा और लिखा गया है। मुझे ताज्जुब है कि जब कोई व्यक्ति बाबासाहेब के बारे में टीवी पर ऐसी अपमानजनक बातें बोल रहा है, तो उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलाकार टोका तक नहीं। इसके विपरीत गृह मंत्री को समर्थन देने के लिए उन्होंने 6 ट्वीट कर दिए। जबकि आंबेडकर जी के लिए ऐसी अपमानजनक बात करने वाले व्यक्ति को कैबिनेट से निकाल देना चाहिए था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों गहरे दोस्त हैं, इसलिए दोनों एक दूसरे के पाप को छिपाते हैं। BJP-RSS और उनके



राजनीतिक पूर्वजों ने कभी संविधान को सम्मान नहीं दिया। इनके राजनीतिक पूर्वजों ने कभी संविधान को स्वीकार नहीं किया, उसकी प्रतियां जलाईं। इन लोगों ने तिरंगे को भी नहीं अपनाया।उनका कहना था कि संविधान में मनुस्मृति की बातें नहीं हैं, इसलिए इसे नहीं मानेंगे। इसके विरोध में उन लोगों ने नेहरू और अंबेडकर जी का पुतला भी जलाया।

**हमारी मांगः–**

* यदि कोई व्यक्ति संविधान की शपथ लेकर मंत्री बनता है और फिर संविधान का अपमान करता है, तो उसे कैबिनेट में रहने का कोई अधिकार नहीं है।
* अमित शाह को फौरन कैबिनेट से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

अगर इस्तीफा नहीं होगा तो पूरे देश में विरोध प्रदर्शन होंगे।

बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी सबके हैं, क्योंकि वे दलित, शोषित और वंचित लोगों समेत समाज के हर व्यक्ति की बात करते थे। वे सभी के प्रति सहानुभूति रखते थे।

# अपने बच्चों की सुध लो... शाम को खेलते हुए 3 साल की गुड़िया गायब, सुबह तालाब में तैरते मिली लाश

हिसार, दिसंबर : शहर के साथ सटे छोटी सातरोड गांव के तालाब में मंगलवार की सुबह करीब 3 वर्षीय बच्ची की लाश मिली है। लड़की बीते दिन सुबह 11 बजे लापता हो गई थी। रातभर परिजन तलाश करते रहे परंतु आज सुबह तालाब में बच्ची का शव मिला है।

सूचना मिलने पर मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सातरोड़ खास निवासी सरजीत की 3 साल की बेटी तमन्ना सोमवार की सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर खेल रही थी। जिसके बाद वह गायब हो गई। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की तो वह नहीं मिली। पूरे गांव में तलाश करने के बाद भी उसका



तीन साल की बच्ची का शव तलाब में मिलने की जानकारी देते ग्रामीण।

कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजन सदर थाना पहुंचे। परिजनों ने अपनी बेटी तमन्ना की गुमशुदगी की शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच आरंभ की। पुलिस ने गली व आसपास की जगह बच्ची की तलाश की। लेकिन देर रात तक नहीं मिली। मंगलवार को तालाब के पास रहने वाले एक युवक ने तालाब में बच्ची की लाश को देखा, जिसके बाद उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस ने मृतक बच्ची के परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

# कांग्रेस ने देशभर में किए विरोध-प्रदर्शन

- **अडानी के भ्रष्टाचार को सरकार द्वारा संरक्षण दिए जाने, हिंसाग्रस्त मणिपुर की स्थिति और गृह मंत्री द्वारा डॉ. अंबेडकर का अपमान किए जाने के खिलाफ किए गए प्रदर्शन**
- **वेणुगोपाल बोले- कांग्रेस पार्टी सरकार के अहंकार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ती रहेगी**
- **वेणुगोपाल ने कहा - प्रदर्शनों के दौरान पुलिस बर्बरता से दो कार्यकताओं की मौत की स्वतंत्र जांच हो**

**नई दिल्ली। 18 दिसंबर** कांग्रेस ने बुधवार को मोदी सरकार द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी के भ्रष्टाचार को संरक्षण देने, मणिपुर में बिगड़ती स्थिति को रोकने में विफलता और संविधान निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह की अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में देश भर में राजभवनों पर प्रदर्शन किए। देश भर के राज्यों की राजधानियों में प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के तत्वावधान में पार्टी के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, विधायक और पदाधिकारी प्रतिष्ठित स्थलों पर एकत्र हुए और मोदी सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन तक मार्च निकाला। यहां जारी बयान में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों और अग्रणी संगठनों के सदस्यों सहित लाखों लोगों ने इन प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। अडानी के भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा, हाल ही में गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए अभियोग ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और बाजार में हेरफेर के खतरनाक गठजोड़ को उजागर किया है। इन खुलासों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी और भाजपा द्वारा संसदीय बहस की अनुमति न देना स्पष्ट रूप से उच्चतम स्तर पर मिलीभगत का संकेत है। सत्ता का यह अहंकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास को खत्म कर रहा है, आर्थिक स्थिरता और लाखों लोगों की आजीविका को खतरे में डाल रहा है। मणिपुर संकट पर वेणुगोपाल ने कहा, मणिपुर राज्य हिंसा, अराजकता और निराशा की चपेट में है। महीनों की अशांति के बावजूद, केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें सार्थक कार्रवाई करने में विफल रही हैं। यह भाजपा की उदासीनता और शासन करने में असमर्थता का ज्वलंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री का मणिपुर जाने से इनकार करना और एक अक्षम मुख्यमंत्री का बनाए रखना लोगों की दुर्दशा के प्रति उनकी उदासीनता को दशार्ता है।

# रोडवेज की बस से टकराई कार, सिरसा वासी की मौत

ऐलनाबाद, दिसंबर : आज दोपहर करीब दो बजे ऐलनाबाद के सिरसा रोड स्थित गांव पोहड़का के नाम चर्चा घर के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण गोपाल (46) पुत्र मोहन लाल निवासी फ्रैंड्स कॉलोनी, सिरसा अपनी एटोस लीवा कार में सवार होकर सिरसा से ऐलनाबाद आ रहा था कि उनकी कार की ऐलनाबाद से सिरसा की तरफ जा रही हरियाणा रोडवेज की बस से आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कार चालक कृष्ण गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही लोगों को घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।





**हादसे के दौरान बस से टकराई कार।**

कार चालक कार में अकेला था। इस हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं लगी। पुलिस इस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# पशुओं के बाड़े में लगी आग, एक दर्जन से अधिक गाय व भैंस हुई गंभीर रूप से घायल

- **गांधी कैम्प स्थित पुलिस चौकी के पास हुई घटना, लोगों ने आग पर काबू पाकर पशुओं को करवाया ईलाज, पुलिस भी मामले की जांच में जुटी**

रोहतक, दिसंबर : गांधी कैम्प स्थित पुलिस चौकी के पास बने पशुओं के बाड़े में देर रात संदिगध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे एक दर्जन से अधिक गाय व भैंस जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया और गंभीर रूप से घायल पशुओं का ईलाज भी करवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी असमाजिक तत्व ने यह आग जानबूझ कर लगाई है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात गांधी कैम्प स्थित पुलिस चौकी के पास बने पशुओं के बाड़े में आग लग गई। घटना का पता उस वक्त लगा जब बाड़े में बंधे पशुओं की तेज आवाज व हलचल होने लगी। आसपास के लोगों ने घर से बाहर निकल कर देखा तो पाया कि बाड़े के छप्पर में आग लगी हुई थी। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और कड़ी मशक्त के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया, लेकिन इस दौरान आग लगने से करीब 10-12 गाय व भैंस जलकर घायल हो चुकी थी, लोगों ने तुरंत बाड़े से पशुओं को बाहर निकाला और इसकी सूचना पशु चिकित्सकों को दी। सूचना पाकर पशु



**पशुओं के बेडे में आग लगने से घायल पशु।**

चिकित्सक मौके पर आए और घायल पशुओं का ईलाज किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी समय से यहां पर पशुओं के लिए बाडा बना हुआ है और आसपास के लोग ही पशुओं की देखभाल भी करते है, लेकिन किसी असमाजिक तत्व ने जानबूझ कर पशुओं के बाड़े में आग लगाई है। पशुओं के बाड़े में आग लगना पूरा दिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस भी मामले की जांच करने में जुटी है।

# श्री सनातन धर्म प्रचार समिति अग्रवाल सभा दिल्ली द्वारा आयोजित होगा श्रीराम कथा

**नई दिल्ली।** श्री सनातन धर्म प्रचार समिति अग्रवाल सभा कैलाश नगर द्वारा श्री राम कथा पाठ का आयोजन 20 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर तक चलेगा। इस पर कथावाचक आचार्य महामाया प्रसाद शास्त्री जी द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कथा सुनाई जाएगी। संस्था के संरक्षक नारायण अग्रवाल घी वाले ने बताया कि कथा में 1000 महिलाएं कलश लेकर यात्रा का शुभारंभ करेंगी। इस मौके पर प्रधान अरुण गुप्ता पप्पू भाई समाजसेवी ने बताया कि कथा में उत्तराखंड से आए हुए विद्वान पंडित आचार्य महामाया के द्वारा यह कथा 9 दिन तक चलेगी। इस कथा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद होंगे और कथा का




आनंद प्राप्त करेंगे। इस बार कथा में पिछले वर्ष के मुताबिक ज्यादा संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं कथा में अधिक भीड़ होने के कारण पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए भी विशेष इंतजाम संस्था द्वारा किए गए हैं। कथा स्थल पर भीड़ को देखते हुए कई एलइडी टीवी भी लगाई गई हैं ताकि कथावाचक को टीवी के माध्यम से भी भक्त सुन सकेंगे। इस अवसर पर संरक्षक नारायण अग्रवाल घी वाले, प्रधान अरुण गुप्ता पप्पू भाई, रोहित जैन, राहुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दिनेश मित्तल, पुनीत जैन, अशोक अग्रवाल राधा होजरी वाले, महेंद्र अग्रवाल, पुनीत जैन आदि लोग कथा में व्यवस्थापक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# रूस ने बनाई पहली कैंसर वैक्सीन, 2025 की शुरूआत में होगी लॉन्च

**नवेश कुमार/वरिष्ठ पत्रकार**

**नई दिल्ली,18 दिसंबर 2024 ( एजेंसी)।** पूरी दुनिया कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से आज परेशान है। इस बीच रूस ने इस बीमारी के समाधान के लिए एक बड़ा एलान किया है।रूस



ने कहा है कि उसने कैंसर की वैक्सीन बना ली है, जो देश के सभी कैंसर रोगियों के लिए फ्री में उपलब्ध होगी। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है,कि उसने कैंसर का टीका विकसित किया है,जिसे 2025 की शुरूआत में देश के रोगियों को निःशुल्क वितरित किया जाएगा। रूसी समाचार एजेंसी "तास" ने बताया की रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के महानिदेशक आंद्रेई काप्रिन ने घोषणा की है,कि देश ने कैंसर के खिलाफ अपना स्वयं का एम.आर.एन.ए. टीका विकसित किया है।उम्मीद है, कि यह वैक्सीन 2025 की शुरूआत में आम प्रचलन में आ जाएगी। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था,कि रूसी वैज्ञानिक कैंसर के लिए वैक्सीन बनाने के करीब हैं,जो जल्द ही रोगियों के लिए उपलब्ध हो सकती है। उन्होंने इस साल फरवरी में कहा था,कि हम तथाकथित कैंसर वैक्सीन और नई पीढ़ी की इम्यूनोमॉड्यूलेटरी दवाओं के निर्माण के बहुत करीब आ गए हैं। एल.एस.

# एक साथ चुनाव संबंधी जेपीसी में प्रियंका समेत चार कांग्रेस सांसद हो सकते हैं शामिल



**दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक पर विचार करने के लिए गठित होने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में कांग्रेस की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत चार सांसद शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पार्टी जेपीसी के लिए लोकसभा से प्रियंका गांधी, मनीष तिवारी और सुखदेव भगत तथा राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला का नाम भेज सकती है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और उससे जुड़े संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 को निचले सदन में पुरःस्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद विधेयक को पुरःस्थापित कर दिया गया। विधेयकपेश किए जाने के पक्ष में 263 वोट, जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इसके बाद मेघवाल ने ध्वनिमत से मिली सदन की सहमति के उपरांत संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 को भी पेश किया।

# दिल्ली के किसान 22 दिसंबर को जन्तर-मन्तर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे, भूमि पूलिंग और ग्रीन डेवलपमेंट नीतियों के कार्यान्वयन की मांग करेंगे।

## शांतिपूर्ण प्रदश न का ऐलान

**दिल्ली।** देहात विकास मंच (DDVM) ने घोषणा की है कि हजारों किसान रविवार, 22 दिसंबर 2024 को जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदश न करेंगे। यह प्रदश न DDVM के बैनर तले कंझावला और दौलतपुर में चल रहे आंदोलनों का विस्तार है। प्रदश नकारी लंबे समय से लंबित भूमि पूलिंग नीति (LPP) और ग्रीन डेवलपमेंट ए रया (GDA) नीति को जल्द लागू करने की मांग कर रहे हैं, जो 2007 से अटकी हुई हैं। इसके अलावा, वे दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) अधिनियम, 1957 में संशोधन की मांग कर हैं ताकि शहरी विकास, भूमि अधिकार, और दिल्ली के गांवों के लिए लाभकारी योजनाओं से जुड़े व्यापक मुद्दों का समाधान हो सके।

**राजनीतिक समथ न और प्रमुख घटनाक्रम**

प्रमुख राजनीतिक नेताओं जैसे श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (सांसद, दक्षिण दिल्ली), श्रीमती कमलजीत सहरावत (सांसद, पिश्चम दिल्ली), और श्री योगेंद्र चंदोलिया (सांसद, उत्तर - पिश्चम दिल्ली) ने प्रदश नका रयों को




संबोधित किया और किसानों की जायज मांगों के लिए पूरा समय न देने का आश्वासन दिया। जनता ने उनके आश्वासन का स्वागत उत्साहपूर्ण नारों के साथ किया, लेकिन DDVM अध्यक्ष श्री भूपेंद्र बाजाद ने स्पष्ट किया कि जब तक ये वादे जमीन पर लागू नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**प्रमुख मांगें**

1. मास्टर प्लान दिल्ली 2041 की तुरंत अधिसूचना जारी करें
* यह योजना अप्रैल 2023 में DDA द्वारा केंद्र सरकार को सौंपी गई थी लेकिन 15
हीने बाद भी स्वीकृत नहीं हुई है।
2. भूमि पूलिंग नीति (LPP) में संशोधित प्रावधानों की अधिसूचना जारी करें
* प्रमुख बाधाओं में शामिल हैंः किसी सेक्टर में न्यूनतम 70% विकसित क्षेत्र का पूलिंग, सततता से जुड़ी समस्याएं, और कंसोटि यम बनाने में चुनौतियां ।
3. ग्रीन डेवलपमेंट ए रया (GDA) नीति की अधिसूचना जारी करें

**आंदोलन का व्यापक संदभ**

दिल्ली शहरी विकास नीतियों के काया न्वयन में देरी से गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है

1.1 करोड़ से अधिक लोग अनधिकृत कॉलोनियों में रहते हैं जहां बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं।

2. 50 लाख से अधिक निवासियों के पास उचित सीवरेज कनेक्शन नहीं हैं।

3. लगभग 10 लाख लोग बेरोजगार हैं, बेरोजगारी दर 5.1% है।

**DDVM का चुनावी अल्टीमेटम**

आगामी चुनावों से पहले DDVM ने स्पष्ट चेतावनी दी हैः

1. जो पाटि यां सत्ता में नहीं हैंः अपने चुनावी घोषणा पत्र में उ᳚ट की मांगें शामिल करें।

2. सत्तारूढ़ पाटः चुनाव से पहले इन नीतियों को अधिसूचित करें या वोट खोने का **नेतृत्व और जमीनी**

**>> प्रयास----------**

इस आंदोलन का सक्रिय समथ न करने वाले DDVM नेताः

1. श्री भूपेंद्र बाजाद, अध्यक्ष- दिल्ली मास्टर प्लान कमेटी
2. श्री राम कुमार सोलंकी, प्रधान - पालम 360

**>> शांतिपूर्ण प्रदश न की अपील**

>> यह प्रदशन पूरी तरह से अहिंसा और शांतिपूर्ण सभा के सिद्धांतों पर आधा रत रहेगा। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और प्रदश न के दौरान अनुशासन बनाए रखें।

>> अब बदलाव लाने का समय आ गया है - दिल्ली के किसान, युवा और बेरोजगार नाग रक इन महत्वपूण मुद्दों पर कार वाई की मांग कर रहे हैं ताकि सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चत किया जा सके!

## मजार के ऊपर निजी स्कूल का निर्माण, एसडीएम ने 3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** नगर में एक पब्लिक स्कूल द्वारा मजार के तीन ओर से बाउंड्री करके उस पर स्कूल का निर्माण कर लिया गया है जिसकी शिकायत मिलने पर एसडीएम अमरोहा सुधीर कुमार ने स्कूल प्रबंधन से 3 दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं, वही बताया जा रहा है कि स्कूल का निर्माण बिना नक्शा पास कराए ही किया गया है जो कि नियमों का उल्लंघन है, बताते चलें कि अमरोहा में ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल द्वारा मजार के तीन ओर से दीवाल करके उसके ऊपर लेंटर डालकर बाकायदा कमरों का निर्माण कराया गया है उधर मजार के ऊपर स्कूल द्वारा किए गए कब्जे को लेकर मुस्लिम समुदाय में भी रोष व्याप्त है, शिकायतकताओं का कहना है कि यदि जल्द ही मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आला अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक से इसकी शिकायत की जाएंगी, वही इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि यदि 3 दिन के अंदर स्कूल प्रबंधन द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो मामले में अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 5 साल से चकबंदी विभाग द्वारा पैमाइश पूर्ण ना किए जाने से परेशान किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को चकबंदी विभाग द्वारा 5 साल से तहसील क्षेत्र के गांव जतोली एतमाली के सेक्टर 29 की पैमाइश पूर्ण ना करने के चलते किसान आत्महत्या की धमकी दे रहे हैं, बता ते चले कि ग्राम जतोली एतमाली के सेक्टर 29 में 12 /13 किसानों के चक निशान देही से रह गए हैं, किसानों के चकों की जमीन खाली पड़ी है, किसानों ने पैमाइश कराकर निशान देही किए जाने की मांग की है ताकि वह अपनी फसल वो सके, वही किसानों द्वारा सेक्टर 25 की पैमाइश पूर्ण करने वाले ईमानदार लेखपाल विनीत कुमार गुप्ता, शैलेंद्र बिश्नोई द्वारा सेक्टर 29 की बाकी बचे किसने की जमीनों की पैमाइश पूर्ण कराए जाने की मांग भी की है, जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के बैनर तले एकत्र हुए किसानों ने एसडीम सुनीता सिंह को ज्ञापन दिया है ज्ञापन देने वालों में श्री किशोर, ब्रह्मसिंह, हरपाल सिंह, हिरदेश कुमार, सतपाल सिंह, लोकेश बिधूड़ी आदि लोग मौजूद रहे।

## ठगी पीड़ित जमा करता परिवार ने लखनऊ में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**लखनऊ /अमरोहा।** बुधवार को लखनऊ के इको गार्डन में उत्तर प्रदेश के कई हजार ठगी पीड़ित निवेश को ने अपने खून पसीने की कमाई व एजेंटो की सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन में भारत के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक को सोपा गया जिसमें ठगी पीड़ित लोगों द्वारा ठगी पीड़ित लोगों का आरोपी कंपनियों से रुपया ब्याज सहित वापस दिलाए जाने वह एजेंटो की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने आदि मांगो को प्रमुखता से उठाया इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में अमरोहा जिले से भी भारी संख्या में ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के लोगों ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मदनलाल आजाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामदेव गौतम, प्रवक्ता विकास त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव मनोज कुमार तथा डॉक्टर मुन्ना प्रदेश सचिव, डा वीर सिंह, डॉक्टर हनीफ जिला अध्यक्ष अमरोहा आदि सम्मिलित हुए।

## भाजपा ने बाबा साहब के सपनों को वास्तविकता में बदला- सीएम योगी



**लखनऊ, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर से जुड़े मामलों पर विपक्ष और कांग्रेस को सख्त जवाब दिया। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए डॉ. अंबेडकर के विजन को साकार करने के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। साथ सीएम योगी ने कांग्रेस और विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस बातें तो खूब करती है, लेकिन पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाने में लगातार विफल रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के समानता के सपने को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आरक्षण का विस्तार करने, शिक्षा और सरकारी नौकरियों में नए अवसर पैदा करने जैसी नीतियों को लागू कर दलित और पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में अहम योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीतियां डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल भाषणों में सीमित रखने के बजाय उन्हें जमीन पर लागू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन ने न केवल पिछड़े समुदायों के लिए अधिक अवसर प्रदान किए, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सफलता हासिल की है।

## गन्ना क्रय केंद्र पर कृषकों के ट्राली ट्रैक्टर एवं गन्ना ले जा रहे ट्रैकों पर रेडियम स्टीकर लगा कर किया गया जगरूक

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**



**बस्ती।** बजाज चीनी मिल रुधौली अंतर्गत आने वाले गन्ना क्रय केंद्र सेंटर पर कृषकों के ट्राली ट्रैक्टर एवं गन्ना ले जा रहे ट्रैकों पर रेडियम स्टीकर लगा कर गन्ना केंद्र पर छोड़ा गया । केंद्र पर खड़ी कृषकों की ट्रॉली एवं ट्रैक्टर तथा ट्रक पर रेडियम स्टीकर लगाकर कोहरे से मार्ग दुर्घटना से बचाव हेतु कृषकों को जागरूक किया गया । उपस्थित कृषकों को जागरुक करते हुए सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु उर्फ गगन पांडे ने कहा कि आप लोग गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें क्योंकि घने कोहरे में नजदीक भी दिखाई नहीं देता है और अगर आप मोबाइल पर बात करेंगे तो मार्ग दुर्घटना हो सकती है राहगीरों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए चीनी मिल प्रबंधन तंत्र निरंतर कार्यरत है । प्रदेश सरकार की मानसा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है । हम आपकी सुरक्षा के प्रति निरंतर आपको जागरुक कर रहे हैं हम उम्मीद करते हैं कि आप लोग यातायात नियम का पालन करेंगे और सुरक्षित रहेंगे । पांडेय ने कहा की गन्ना ले जा रहे ट्रॉली पर लाल कपड़े पर रेडियम स्टीकर लगाकर बांधने का काम करें जिससे दूर से ही राहगीरों को ट्रॉली दिखाई दे और किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो कृषकों से कहा गया कि आप लोग अपने ट्रॉली के नीचे कदापि ना सोए यदि आप ऐसा करते हैं तो आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं रेडियम स्टीकर अभियान के तहत गन्ना सेंटर ,करहली,, बहादुरपुर कुसौरा,, घोसियापुर,, गौसपुर पर खड़ी सभी कृषकों की ट्राली ट्रैक्टर और ट्रैकों पर रेडियम स्टीकर लगाया गया कृषकों से अपील की गई कि आप लोग साफ सुथरा एवं ताजा गन्ना चीनी मिल को सप्लाई करें और अपने परिवार के प्रति सुरक्षित रहें जिसमें क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण सिंह सेंटर कांटा लिपिक एवं क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

## तेजस्वी राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल यात्रा निकाली गई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ सैद नंगली।** बुधवार को राष्ट्रीय सेविका समिति संभल विभाग द्वारा आयोजित तेजस्वी राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य एवं दिव्य विशाल शोभा यात्रा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैद नगली अमरोहा से प्रारंभ हुई। भारत माता, वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्याबाई होल्कर की झांकियो से सुसज्जित इस भव्य दिव्य विशाल शोभा यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर हसनपुर की घोष टोली व साठ बहिनों, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हसनपुर की 60 बहनों के अतिरिक्त जनपद अमरोहा के विभिन्न विद्यालयों की 800 से अधिक छात्रा बहिनों, संभल विभाग के अंतर्गत संभल, बबराला ,अमरोहा जनपद के अतिरिक्त मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, इत्यादि जनपदों की दायित्ववान सेविका बहिनों ने भी प्रतिभाग किया। यह भव्य दिव्य विशाल शोभा यात्रा सैद नगली नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों, गली-गलियारों, मेंन मार्केट, मुख्य मार्गो से होते हुए वापस विद्यालय में आकर संपन्न हुई। विशाल शोभा यात्रा का नगर एवं क्षेत्र वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। यात्रा को पुलिस प्रशासन तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।, इस भव्य व दिव्य विशाल शोभा यात्रा की ड्रोन कैमरे द्वारा फोटोग्राफी व निगरानी भी की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हसनपुर खंड के माननीय खंड संघचालक डॉ पुनीत गुप्ता जी, श्रीमान रोहतास विद्यार्थी जी (जिला टोली सदस्य व पूर्व जिला मंत्री विद्या भारती जनपद अमरोहा,)नगर व खंड प्रचारक संभल खंड श्री गगन जी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति, आचार्य बंधु, नगर वासी, चालक बंधु साथ साथ चल रहे थे।इस भव्य विशाल शोभा यात्रा में श्रीमती सरोज बालाजी (संभल विभाग कार्यवाहिका), वीना जी (विभाग कार्यवाहिका अमरोहा), अनीता जी (विभाग कार्यवाहिका मुरादाबाद), निशा जी (कार्यवाहिका गजरौला), रीना जी (नगर कार्यवाहिका अमरोहा), योजना जी (सैद नगली कार्यवाहिका), श्रीमती हितेश जी (संपर्क प्रमुख), अंशु जी (व्यवस्था प्रमुख), सुषमा जी (संपर्क प्रमुख), रीना जी (नगर कार्यवाहिका अमरोहा), शिखा जी ( सह कार्यवाहिका अमरोहा) उपस्थित रहे। शोभा यात्रा के समापन अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की दायित्व वान पदाधिकारियों ने विशाल शोभा यात्रा हेतु विद्यालय द्वारा की गई व्यवस्थाओं हेतु प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे जी का हार्दिक धन्यवाद आभार प्रकट कर भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सीएम योगी के नेतृत्व में सौर ऊर्जा से जगमग हो रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में 'पीएम सूर्य घर योजना' को उत्तर प्रदेश में नए आयाम मिल रहे हैं। केंद्र की योजनाओं को प्रदेश के विकास से जोड़ते हुए योगी सरकार ने यूपी को सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में शीर्ष राज्यों में ला खड़ा किया है। बिजली बचत, आय वृद्धि और हरित ऊर्जा के लक्ष्य को पूरा करने वाली इस योजना से प्रदेश के लाखों घर लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की सक्रियता का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश, सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन के मामले में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद देशभर में तीसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में 53 हजार से अधिक सोलर रूफ टॉप पैनल लगाए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 25 लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का है। योजना को जनता तक पहुंचाने में मिली सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 18 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जिनमें से 32 हजार से अधिक घरों में पैनल का इंस्टालेशन भी पूरा कर लिया गया है।

**सब्सिडी के लाभ से घरों में सौर ऊर्जा को सुलभ बना रही योगी सरकार**

पीएम सूर्य घर योजना के तहत सरकार सोलर रूफटॉप लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। 1 किलोवॉट क्षमता के पैनल के लिए केंद्र सरकार 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार 15 हजार रुपए की सहायता देती है, यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी। इसी तरह, 2 किलोवॉट के पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार और योगी सरकार द्वारा 30 हजार, कुल 90 हजार रुपए की सहायता लाभार्थियों को दी जा रही है। वहीं, 3 किलोवॉट या उससे ऊपर के पैनल के लिए केंद्र की ओर से 78 हजार रुपए और



राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रुपए की सब्सिडी मिलाकर 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है।

**लाभार्थियों को मिल रही है बिजली बिल के बोझ से राहत**

इस योजना का सीधा फायदा उन घरों को मिल रहा है जो बिजली बिल के बोझ से राहत पाना चाहते हैं। सोलर पैनल लगवाने से न केवल बिजली के बिलों में भारी कमी आ रही है, बल्कि लोग अतिरिक्त ऊर्जा का उपयोग करके आय में वृद्धि भी कर रहे हैं। खास बात यह है कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण को भी स्वच्छ और हरित बनाया जा रहा है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

## महाकुम्भ में "दक्ष" पुलिस करेगी 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा

**महाकुम्भ नगर ,18 दिसंबर।** योगी सरकार महाकुम्भ 2025 के आयोजन के लिए विभिन्न आयामों से तैयारी कर रही है। महाकुम्भ 2025 की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने के लिए नवीन प्रयोग कर रही है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने और उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

**किया जा रहा मूल्यांकन**

प्रशिक्षण सत्रों में आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुम्भ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद आयोजित लिखित परीक्षा में पुलिस कर्मियों की तत्परता का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा और सेवा का सर्वोत्तम मानक सुनिश्चित किया जा सके। वहीं लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण के दौरान बताए गए विभिन्न आयामों से संबंधित सवालों को पूछा जा रहा है जिसमें आपदा से बचने, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुंभ के धार्मिक और



आध्यात्मिक पहलुओं से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे है।

**परफेक्ट बनाने का प्रयास**

कुम्भ मेला मे आये पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के लिए पूरी तरह तैयार करने के लिए उनकी क्लास चलाई जा रही है और उनकी तैयारियों को परखने के लिए उनकी परीक्षा भी कराई जा रही है। एसएसपी कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी के अनुसार कुम्भ मेला ड्यूटी में आने वाले सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण क्लास चलाई जा रही है। जो सुरक्षा, आपदा और व्यावहारिक पहलुओं जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित है। इसके बाद क्लास में बताई गई जानकारी के अनुसार उनकी परीक्षा करायी जा रही है, जिसमे कुम्भ मेला में आपदा को पहचानना, आपदा की स्थिति में त्वरित समाधान , रास्तो की जानकारी ,कुम्भ की आध्यात्मिक एवं धार्मिक जानकारी, और भौगोलिक स्थितियों से संबंधित सवाल पूछे जा रहे है।

**20 सवालों पर हो रही परीक्षा**

पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण संदीप वर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र का प्रारूप बहुविकल्पीय है। 100 नंबर के प्रश्न पत्र में 20 सवाल पूछे जा रहे है। परीक्षा का समय एक घंटे निर्धारित है। परीक्षा में फेल होने पर उनको दोबारा तीन दिनों का प्रशिक्षण क्लास करने और परीक्षा देने का प्रावधान है। जिससे पुलिस कर्मी कुंभ में ड्यूटी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाए।

**तैयारी से खुश पुलिसकर्मी**

कुशीनगर से आए इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने से हम लोगों को कुम्भ की भली-भांति जानकारी हो गई है। अब पुलिस मेले की ड्यूटी के लिए पूर्णतया तैयार है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार चौबे ने बताया कि यहां आने पर महाकुम्भ के बारे में नई जानकारियां मिली है, जो ड्यूटी में सहायक होंगी। महिला कांस्टेबल स्वेतलाना मौर्य ने बताया कि पूरे पुलिस फोर्स को इस तरह से ट्रेंड किया जा रहा है, जिससे असली परीक्षा महाकुम्भ के शुरू होने पर वे डिस्टिंक्शन नंबरो से पास हो जाए।

**हर तरह से तैयार की जा रही फोर्स**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री प्रशांत कुमार ने बताया कि "महाकुंभ के दौरान पुलिसकर्मियों के लिये सभी तरह की ड्यूटी चुनौती पूर्ण होगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के माध्यम से हर तरह से तैयार किया जा रहा है, जिससे वो अपनी ड्यूटी से भिज्ञ रहते हुए किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें।

तृतीय दिवस — एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ समिति के त्रिदिवसीय सत्संग का हुआ समापन

## मेरे परमात्मा गिरते हुए को तू थाम लेता है उसे मिटने नहीं देता जो तेरा नाम लेता है : सतपुरूष बाबा फुलसंदे वाले

**लोकतंत्र की शान**





मुरादाबाद। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ समिति मुरादाबाद के तत्वाधान में रॉयल विला बैंकैट हाल दाना सहाय की मिलकशाहपुर रोड खुशालपुर मुरादाबाद में त्रिदिवसीय सत्संग में एकत्रित धर्म सभा को संबोधित करते हुए सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने कहा एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा हे परमेश्वर तू सच्चा है और तेरा नाम सच्चा है हे परमेश्वर जिसको तेरी मित्रता प्राप्त होती है वह पुरुष अन्न पैदा करने वाली और सुंदर वीर संतान देने वाली तेरी रक्षाओं से अपनी सब प्रकार की उन्नति करता है मेरे परमात्मा गिरते हुए को तू थाम लेता है उसे मिटने नहीं देता जो तेरा नाम लेता है हजारों बार चमत्कार तेरा मैंने देखा है हम कमजोर कुत्तों से घोड़े का तू काम लेता है ईश्वर की छाया तले सारे घर को बना है पूरा देश है परिवार हमारा इसको बचाना है छोटा बड़ा कोई नहीं है परमेश्वर के घर में माया की वासरी है प्यार का गीत गाना है हे ईश्वर पुत्रों उस परम प्रकाश के ध्यान में लो की तरह स्थित और शांत जीव आत्मा मोक्ष को प्राप्त हुई मुक्त आत्मा कही जाती है और उसमें होते हुए भी जो उससे अलग हैं उनके दुख और अंत से रहित संताप के विषय में भला किया कहा जाए वह तो ऐसे ही हैं जैसे सूर्य से रहित गहन



रात्रि में कोई घायल लहू लोहान हुआ पंछी झंकार कांटों में विंध तड़पता और लगातार चीखता है इसलिए तुम स्वयं में स्थित उसे विराट पुरुष की उपासना करो और समस्त तापों और दुखों से रहित हो जाओ क्योंकि तुम्हारे इस परम कष्ट से दसों दिशाएं दग्ध हो उठी हैं और देवताओं और पवित्र आत्माओं के नेत्र करुणा के बोझ से बोझिल होकर आद्र और द्रवित हो गए हैं वो सब तुम्हारे लिए प्रार्थना में निमग्न है और पवित्र प्रकाश वस्त्रों को ओढ़ तुम्हारी ही तरफ निहारे रहे हैं अपने अंतकरण में परब्रह्म की आराधना करते हुए शांतिपूर्वक इस जीवन और जगत की यात्रा को शांतिपूर्ण बना निर्मल हुए आकाश में जैसे पक्षी प्रसन्नता पूर्वक विचारते हैं इसी प्रकार तुम्हारे संग को पाकर सब प्राणी और चराचर जगत परम शांति और धन्यता को प्राप्त होवे संसार में आवागमन जीवन मरण सुख दुख लगा हुआ है धीर पुरुष इस विश्व अरण्य में आकर विचलित बुद्धि वाला न बने बल्कि धीरता पूर्वक जो सर्वव्यापी आत्मा है उसको प्रसन्न करता हुआ बिचरे मोह और शोक को प्राप्त न होवे यह धरती भी परमेश्वर का ही लोक है जिस पर खड़े हम आराधना करते हैं यह बात तुम्हारे याद रहे इस संसार की लौकिक वस्तुओं में तो ऐसा कुछ है ही नहीं जो तुमको निर्मल आनंद प्रदान कर सके क्योंकि संसार में निर्मल आनंद का सृजन ही नहीं हुआ तो भी यदि तुम तुच्छ पदार्थों में आसक्त रहोगे तो वह बताशे के बदले रुपया देने के समान परलोक के महान पदार्थों से दूर ही रखने वाला होगा हे प्रभु हमको अपनी ज्योति से ऊपर तक तू भर दे काम क्रोध लोभ प्रबुद्धि को वह ज्योति खत्म कर दें आत्मा के आवरण को हटाओ भीतर शाश्वत प्रकाश है परब्रह्म की करो आराधना दूर नहीं तो पास है पवित्र प्रवचनों के बाद समस्त साध संगत व धर्म प्रेमियों द्वारा सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों को सिक्कों से तोला गया इस सिक्कों के बराबर धनराशि को सत्पुरुष महाराज द्वारा आश्रम की ओर से उन शहीदों को भेजी जाएगी जिन्होंने वतन के लिए जान दे दी और तिरंगे को झुकने न दिया तुलादान के उपरांत निरंकार प्रभु परमेश्वर व सच्चे गुरु की आरती हुई तथा नाम दान हुए तथा भंडारे का आयोजन समस्त साध संगत की ओर से किया गया।

## बॉलीवुड के आर्ट डायरेक्टर ने तैयार किया महाकुम्भ का पॉवर सेंटर





**महाकुम्भनगर, 18 दिसम्बर :** महाकुम्भ में इस बार सुंदरता और सुरक्षा का अद्भुत संगम होने जा रहा है। देश विदेश के श्रद्धालु यहां नव्यता के साथ साथ भव्यता का भी आनंद लेने के लिए बस पहुंचने ही वाले हैं। इस पूरे मेले को संचालित करने वाला पावर सेंटर यानी नया कंट्रोल रूम भी बनकर तैयार हो गया है, जहां शीर्ष अधिकारी बैठकर रणनीति बनाएंगे। कंट्रोल रूम से ही मेले के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। महाकुम्भनगर में इस कंट्रोल रूम को बनाने में बॉलीवुड के प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर और वास्तुकार पवन पांडे की मदद ली गई है।

**सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग**

सीएम योगी के निर्देश पर विश्व के इस सबसे बड़े मेले को सजाने संवारने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। महाकुम्भनगर में बना यह कंट्रोल रूम मेले से पहले चल रही तैयारियों के साथ साथ मेले के दौरान सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करेगा। यहां कॉन्फ्रेंस हॉल में मेले को संचालित करने के लिए मीटिंग्स की जाएगी। मीडिया के स्पेशल ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं, जो संपूर्ण मेले की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाएंगे।

**महाकुम्भ को भव्य बनाने की तैयारी**

महाकुम्भनगर के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी मंशा है कि दुनिया के सामने महाकुम्भ के माध्यम से ऐसा उदाहरण पेश किया जाए, जिससे लोग जानें कि आखिर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश क्यों कहा जाता है। महाकुम्भ की सुंदरता को संवारने के लिए देश के कोने-कोने से प्रसिद्ध कलाकारों की बड़ी महत्वपूर्ण टीमें यहां महाकुम्भनगर की दीवारों में नवजीवन के रंग उकेरते देखी जा सकती हैं। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी ने बताया कि कंट्रोल रूम में श्रद्धालुओं को लेकर होने वाले जरूरी इंतजाम के लिए वीआईपी मीटिंग होंगी। साथ में कॉन्फ्रेंस हॉल और करोड़ों लोगों तक सही समय पर उचित जानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया के ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं।

**समयसीमा के अंदर बना कंट्रोल रूम**

इसी क्रम में मुंबई में कई फिल्मों और रियलिटी शो के अनुभवी आर्ट डायरेक्टर पवन पांडे ने महाकुम्भ का पॉवर सेंटर समय सीमा से पहले तैयार कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया गया है। यह सुरक्षा के लिहाज से बेहद मुफीद है। प्रयाग के प्रमुख मंदिरों और धर्मस्थलों की कलाकृतियों से इसे सजाया गया है। यहां एक साथ 100 से अधिक अफसरों की टीम काम करेगी। साथ ही महाकुम्भ के दौरान हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी यहीं से की जाएगी। मेले के शीर्ष अधिकारी इसी कंट्रोल रूम से मेले के चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपडेट देंगे।

## बंधन बैंक कर्मी से बदमाशों ने की लूट, पुलिस कर रही जांच

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** बुधवार को लूट की घटना की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के गांव कारनखाल मार्ग पर एक बैंक के कलेक्शन एजेंट द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से कलेक्शन कर-के कैश लाया जा रहा था, बैंक कर्मी के साथ घटना को अंजाम देने के लिए बदमाशों ने हसनपुर करंखल मार्ग पर बंद पड़ी पनीर की फैक्ट्री के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए पांच बदमाशों ने कर्मचारी को गन पॉइंट पर ले लिया तथा बंधन बैंक कर्मी रामकुमार से कलेक्शन के रूपयो से भरा बैग छीन लिया बैग में टैबलेट कलेक्शन के रुपए तथा अन्य जरूरी कागजात थे जो बदमाश अपने साथ ले गए, इस संबंध में एरिया मैनेजर जगदीश प्रसाद ने बताया कि 100000 लाख रुपए से अधिक का कलेक्शन था, वहीं घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा बैंक कर्मी की बताई हुई लोकेशन पर क्षेत्र में कांबिंग हो रही है वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि मामला संदिग्ध है जांच की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले कर जा रहे हैं, छानबीन के उपरांत ही सत्यता सामने आएगी,दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

# अंबाला

## घर दी रौणक


तनिष्का


अभ्युदय


एकमजोत सिंह


श्रेयांस पानीपत

## जोड़ी रहे सलामत



परिवार की ओर से गिरधारी जोशी और रेखा जोशी को शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को, 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक भरे जाएंगे नामांकन, 2 जनवरी 2025 को लिए जा सकेंगे नामांकन पत्र वापिस : अनुभव मेहता

**करनाल, सुखविन्दर सोही**

**करनाल।** उपमंडल अधिकारी (ना0) एवं हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक समिति, वार्ड न0-17 के रिटर्निंग अधिकारी अनुभव मेहता ने बताया कि वार्ड न0-17, निसिंग हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को होने निश्चित हुए हैं। इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, निसिंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अथवा रिटर्निंग अधिकारी को 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक, लोक अवकाश 22 दिसंबर 2024 व 25 दिसंबर 2024 को छोडकर, किसी भी दिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपमंडल अधिकारी (ना0) के न्यायालय कक्ष, लघु सचिवालय कमरा न0 16 में जमा करवाए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 30 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध सुनवाई 31 दिसंबर 2024 को उपायुक्त के समक्ष की जा सकेगी। जिसके संबंध में उपायुक्त द्वारा 1 जनवरी 2025 को निर्णय लिया जाएगा। अंतिम रूप से वैध नामांकन पत्रों की सूची 1 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी। 2 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर मतगणना की जाएगी।

## कब्जा हटवाकर 48 लाभार्थी पात्रों को मौके पर कब्जा दिलवाया. श्री निशांत

**नीलोखेडी सुखविंदर सोही**



आज दिनांक 18/12/2024 को ग्राम पंचायत कारसा डोड में 100झ100 वर्ग गज के प्लॉट से संबंधित प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री आशुतोष बीडीपीओ नीलोखेड़ी की निगरानी में नाजायज तौर पर कब्जा किए हुए व्यक्तियों के कूप,पुराली, भूस व अन्य सामग्री को एस एच ओ निगधू पुलिस बल के साथ जेसीबी का उपयोग करते हुए कब्जा हटवाकर 48 लाभार्थी पात्रों को मौके पर कब्जा दिलवाया गया जो को लगभग 13 वर्ष से अपने लाभ से वंचित थे इस मौके पर खंड कार्यालय से रएढड श्री निशांत व ग्राम सचिव श्री श्रवण कुमार, ग्राम सचिव श्री साहिल सरोहा एवं गांव चौकीदार, सरपंच महोदय व अन्य मौजीज व्यक्ति मौजूद रहे।

## 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर चलाया जाएगा अभियान: उपायुक्त उत्तम सिंह

›› जिला में सुशासन सप्ताह मनाते हुए हर गांव में सुनी जाएंगी समस्याएं

**करनाल, सुखविन्दर सोही**

उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाते हुए प्रशासन गांव की ओर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी जिला के प्रत्येक गांव को कवर करेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। इन समस्याओं के निपटान के लिए जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं का लाभ समय पर मिले और जनता की समस्याओं का निपटान भी तय समय में हो। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। गांवों में जन प्रतिनिधि, खंड विकास एवं पंचायत विभाग तथा राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी आमजन के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनेंगे और मौके पर इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इन समस्याओं का पूरा रिकॉर्ड जिला स्तर पर भी एकत्रित किया जाएगा, इसके लिए जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को निर्देश दिए गए हैं।



## खेत में खड़े सब्जी कारोबारी की कंधे में लगी गोली

अम्बाला छावनी, दिसंबर : पंजाब की सीमा से सटे नगला गांव के खेत में खड़े सब्जी कारोबारी तोपखाना निवासी दीपक को गोली लगी है। गोली लगने के कारणों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। लहूलुहान हालत में दीपक का मिलिट्री अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाया गया। फिलहाल मरीज छावनी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। तोपखाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दीपक ने बताया कि वो धनिया लेने के लिए नगला गांव के खेत में जमींदार के पास गया था। अभी खड़े होकर बात ही कर रहे थे कि अचानक पीछे से गोली कंधे पर लगी थी। तोपखाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

## संचार के बिना जीवन एक पुस्तक के बिना पढ़ने जैसा है : डॉ रोहित दत्त


कार्यक्रम के दौरान कॉलेज एलुमनी अंजली वधावन

अम्बाला छावनी, दिसंबर : जी.एम.एन. कॉलेज, अबाला छावनी में लैंगुएज लैब स्थापित किया गया था जिसका शुभारंभ कॉलेज एलुमनी अंजली वधावन के हाथों हुआ। वे इस लैंग्वेज लैब की उपदेशक रहेंगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने उनका आज स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि लैंगुएज लैब एन ई पी में भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार ही तैयार की गई है । यहां सभी भाषाओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने लैंग्वेज लैब का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण विषयों के साथ परीक्षण, गतिविधियों, अभ्यास आदि, व्यापक वेब-आधारित शिक्षण और मूल्यांकन प्रणालियों के माध्यम से एल एस आर डब्ल्यू और जीवन कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना और व्याकरण, शब्दावली) को बढ़ाना है। महक जो इस लैब की अध्यक्षा है उन्होंने बताया कि जो छात्र अंग्रेजी संचार कौशल - पढ़ने, लिखने और समझने में कमजोर हैं, उनकी पहचान संचार कौशल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले संकाय द्वारा की जाएगी और उन्हें भाषा प्रयोगशाला में काम करने के लिए असाइनमेंट दिया जाएगा।

## कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की वादा खिलाफी पर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते नगरपालिका के सफाई कर्मचारी। ।

नारायणगढ़, दिसम्बर : कच्चे कमचारियों को पकका करने की वादा खिलाफी पर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मियों ने कम्युनिटी हाल से पालिका दफ्तर तक अपनी मांगो को लेकर दूसरे दिन भी अपने लंच टाईम में प्रदर्शन किया। इकाई उप प्रधान सोम नाथ व सचिव धर्मवीर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने 7 अगस्त 2024 को संगठन के साथ बातचीत में कुछ मांगो को लागू करने का वायदा किया था। परन्तु उन पर आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

सीटू जिला सचिव सतीश सेठी ने कहा कि नगरपालिका में 16 साल पहले 2008.2009 में 37 सफाई कर्मी ठेका पर लगाए गए थे। आंदोलन के चलते साल 2014 में इनको पालिका पे.रोल पर ले लिया गया था। उसके बाद सरकार ने कई बार इनको पक्का करने का वायदा किया। परन्तु आज तक इनकी नौकरी पक्की नहीं हुई।इनमे से 4 कर्मचारियों का अब तक निधन हो चुका है। रेगुलर न होने की वजह से मृतको के आश्रितों को कोई लाभ नहीं मिल पाया । वर्तमान में नगरपालिका में केवल 33 सफाई कर्मचारी है जिन पर पूरे शहर के 15 वार्ड का साफ सफाई का जिम्मा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि यदि जल्द सफाई कर्मियों को पक्का नहीं किया गया तो 23 व 24 दिसंबर को प्रदेश के सभी मंत्रियों के आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जायेंगे। यदि फिर भी समाधान नहीं हुआ तो पालिका कर्मचारी भुखहड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

## तनेजा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

- नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत


कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रस्तुति देते स्कूल के नन्हे बच्चे।

अम्बाला छावनी, दिसंबर : तनेजा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। ए डी गांधी (समाज सेवक), डॉ विनय मल्होत्रा, डॉ नवीन गुलाटी नवीन भाटिया , मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अरुण गोयल प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तिलक राज तनेजा, संगीत तनेजा, वंश तनेजा, चिराग तनेजा, गरिमा तनेजा, प्रीती भाटिया, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद गणेश वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


मुख्यातिथि डॉ नवीन गुलाटी को सम्मानित करते विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य।

### बच्चों ने नाटक के माध्यम से दर्शाया मोबाइल का दुरुपयोग

**मोबाइल** के दुरुपयोग को दिखाते हुए कैसे उसका सदुपयोग किया जाए, यह भी बच्चों को नाटक के माध्यम से दशार्या गया। शैक्षणिक एवं सह- पाठ्यक्रमी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में ए.डी. गाँधी व डॉ. विनय मल्होत्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों आदर्शो तथा समसामयिक विषयों की सराहना की।

प्रधानाचार्य अरुण गोयल द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियो पर प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन कर रहे छात्रों द्वारा अविभावको से भी उनका अनुभव जाना। सभी अविभावको ने कार्यक्रम को सराहा। अंत में छात्रों द्वारा उत्कृष्ट श्रेणी का पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा ० गिद्धा प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को गर्मजोशी से भर दिया। प्रबंधक समिति से तिलक राज तनेजा, संगीत तनेजा द्वारा अतिथियों प्रतिभागियों शिक्षकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

### छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी नाट्य मंचन के माध्यम से किया प्रतिभा का प्रदर्शन

छात्रों ने समूह गीत, समूह नृत्य (पंजाबी, हरियाणवी, डांडिया), हिंदी और अंग्रेजी नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ह्लपेड़ ना काटोह्व लघु नाटिका और डांस के माध्यम से बच्चों को पेड़ों की महत्वता के बारे में बताया गया। ह्लकोरोनाह्व लघु नाटिका के माध्यम से चिकित्स्कों द्वारा किए गए परिश्रम को दशार्या गया और यह भी बताया गया कि किस प्रकार कठिन चुनौतियों का सामना करने से कभी घबराना नहीं चाहिए।ओलंपिकह्व लघु नाटिका के माध्यम से हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा किये जा रहे, उत्कृष्ट प्रदर्शन को दशार्या और यह भी बताया कि किस प्रकार बेटियों द्वारा हरियाणा का नाम रोशन किया गया जा रहा है।

## विशेष शिविर में ग्राम वादियों का मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा दिया प्रकृतु परीक्षण


लोगो को मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में जानकारी देते हुए सोनिया शर्मा योगा इंस्ट्रक्टर।

अंबाला शहर, दिसंबर : जिला आयुर्वेद अधिकारी अंबाला डॉ शशिकांत शर्मा के निर्देशन में ग्राम धुराली में प्रकृति परीक्षण का एक विशेष शिविर लगाया जिसमें ग्राम वादियों का मोबाइल अप के द्वारा प्रकृतु परीक्षण किया गया। आयुर्वेद दिवस (29 अक्टूबर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरूआत की। यह अभियान आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने और भारत में स्वास्थ्य सेवा को समग्र और सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी अपनी आयुर्वेदिक प्रकृति (मन-शरीर संरचना) के बारे में जागरूक करना और उनके दैनिक जीवन में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। आयुष मंत्रालय के नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआइएसएम) का यह अभियान न केवल स्वास्थ्य जागरूकता के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि भारत को आयुर्वेद की मदद से स्वस्थ और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल भी है। इसके पहले चरण में 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक एक करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा। आयुष मंत्रालय ने इस अभियान को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए 4.70 लाख से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया है। मोबाइल एप्लीकेशन प्रकृति परीक्षण बनाया गया है जिससे लोग अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा कर सकेंगे। इसमें एक क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा होगी, जिससे व्यक्ति को उनके प्रकृति की जानकारी होगी। कैम्प मे 60 मरीजों को आयुर्वेदिक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई। इस कैम्प में दपिन्द्र कौर योगा सहायक व सोनिया शर्मा योगा इंस्ट्रक्टर ने अपना विशेष योगदान दिया ।

## समाधान शिविर की हर समस्या का प्राथमिकता से हो निदान सुनिश्चित : डॉ. ब्रह्मजीत सिंह

**अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर की करी अध्यक्षता, लोगों की समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान**


लोगों की समस्याओं को सुनते अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह।

अंबाला शहर, दिसंबर : अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विशेष रूप से आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु समाधान शिविरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को बड़े ही गंभीरता से ले और तत्परता से लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना सुनिश्चित करें। बतां दे की उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उप मंडल स्तर पर उपमंडल अधिकारी (ना0) लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करवाते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान जिला स्तर पर समाधान शिविर में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। इस मौके पर नगराधीश पूजा कुमारी, डीएसपी रजत गुलिया, एक्सईएन नगर निगम एलसी चौहान, एक्सईएन पब्लिक हैल्थ के साथ-साथ सम्बधिंत विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### पेंशन लगने की सूचना मिलते ही प्रार्थी ने तह दिल से किया जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री का धन्यवाद

**अम्बाला** शहर के वार्ड नम्बर 2 के निवासी अमरजीत सिंह को प्रशासन की तरफ से दूरभाष के माध्यम से जब उन्हें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लगने की सूचना दी गई तो प्रार्थी यह सुनकर बहुत खुश हुआ और साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार एवं जिला प्रशासन का तह दिल से धन्यवाद व्यक्त किया। बता दें कि प्रार्थी अमरजीत सिंह गत दिनों पहले समाधान शिविर में अपनी वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लगवाने को लेकर शिविर में पहुंचा था। जिससे पेंशन लगने उपरांत क्रिड विभाग की कर्मचारी द्वारा उन्हें सूचना दी गई।

## महिला पुरस्कारों के लिए 27 दिसंबर तक दिए जा सकते हैं आवेदन

- 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिए जाएंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

अंबाला शहर, दिसंबर : महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन दे रही हरियाणा सरकार ने खेल, समाज सेवा, शिक्षा, महिला आर्थिक उत्थान, कर्तव्य पालना, पंचायती राज आदि क्षेत्रों में सराहनीय काम कर रही महिलाओं से विभिन्न पुरस्कारों के लिए 27 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आठ मार्च को हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ये पुरस्कार दिए जाते हैं। मीक्षा रंगा ने बताया कि लाइफ टाइम अचीवर्स विजेता को 51 हजार रुपए नकद व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। अन्य पुरस्कारों में महिला कर्मचारी, एएनएम या एमपीएचडब्ल्यू वर्कर, महिला खिलाड़ी, महिला उद्यमी व सामाजिक कार्यकर्ता की श्रेणी में दो-दो पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 27 दिसंबर है। जिला प्रशासन की ओर से गठित कमेटी द्वारा इन आवेदनों का चयन कर योग्य महिलाओं की सूची अनुमोदन सहित 7 जनवरी तक महिला एवं बाल विकास विभाग के चंडीगढ़ मुख्यालय में भिजवाई जाएगी।

## एकता क्लब ने दिया वीरेश शांडिल्य को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने पर ब्रेव मैन अवार्ड



अंबाला, दिसंबर : अंबाला शहर के समाजसेवी संगठन एकता क्लब द्वारा अंबाला शहर के जगाधरी गेट पर सातवें विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया जिसमें एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंच कर ज्योति प्रचंड किया। वीरेश शांडिल्य के पंडाल में पहुंचने पर एकता क्लब के प्रधान मुकुल गोयल, अमित, पारस शर्मा, साहिल कक्कड़, दीपक नटराज, गोल्डी पाहवा, अजय सहगल, अवि मेहता, जॉनी तनेजा, विनित भाई, नरेंद्र शर्मा, मोहित खनेजा, संदीप नटखट, भूषण, मिलन, सौरभ, केशव, सतीश पुरी, साहिल मलिक, करण स्माटी सहित भारी तादाद में एकता क्लब के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर वीरेश शांडिल्य का स्वागत किया और वीरेश शांडिल्य की पत्नी पंकज, बेटे शिव रंजन, नीलम शर्मा, सीमा, संजीव सेठ, मनीश पाशी भी मौजूद थे। वीरेश शांडिल्य ने विधि विधान से एकता क्लब द्वारा सातवें जागरण में ज्योति प्रचंड की। इस मौके पर एकता क्लब के प्रधान व पदाधिकारियों ने वीरेश शांडिल्य को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने पर ब्रैवमैन अवार्ड व दोशाला देकर सम्मानित किया।

## नारायणगढ़ को जिला तो रायपुरानी को सब डिवीजन बनाए सरकार : विजय बंसल

**कृष्ण लाल पंवार को भेजा पत्र, कहा सबसे पुराने सबडिवीजन नारायणगढ़ को जिला घोषित करे सरकार**


शिवालिक विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट।

नारायणगढ़, दिसम्बर :शिवालिक विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सरकार में चेयरमैन रह चुके विजय बंसल एडवोकेट ने नए जिला एवं उपमंडल निर्माण कमेटी के चेयरमैन कृष्ण लाल पंवार को पत्र लिखकर नारायणगढ़ को जिला तो रायपुरानी को सब डिवीजन बनाने की मांग की है। विजय बंसल का कहना है कि इस इलाके से पहली बार कोई मुख्यमंत्री बना है और ऐसे में इलाके की सबसे प्रमुख मांग को पूरा करने के लिए इससे बेहतर कोई समय नहीं हो सकता।विजय बंसल ने कहा कि हरियाणा के सबसे पुराने उपमंडलों में से एक नारायणगढ़ को हमेशा राज्य सरकारों द्वारा नकारा गया है,पिछले 10 साल में भाजपा सरकार द्वारा नारायणगढ़ को जिला बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।जिसके चलते यहां आबादी व उपयुक्त प्रशासनिक सुविधाओ होने के बावजूद कभी जिला का दर्जा नही दिया गया जबकि इतिहास के पन्नो पर नजर डालें तो जिला अम्बाला में नारायणगढ़,जगाधरी,रोपड़ तहसीलें थी जबकि कालका उप तहसील थी जिसके लिए नारायणगढ़ को शेष छोड़कर तमाम तहसीलों के लिए जिले बन गए है। जगाधरी के लिए यमुनानगर, रोपड़ स्वयं जिला व कालका के लिए पंचकूला को जिला बनाकर जनहित में पूर्व की सरकारों द्वारा कार्य किया गया परन्तु नारायणगढ़ अब तक नकारा हुआ है।एक तरफ तो कम क्षेत्रफल व कम जनसंख्या के साथ राजनीतिक प्रभाव के चलते नूहएचरखीदादरीएफतेहाबाद जैसे उपमंडलों को जिला का दर्जा दिया गया तो वही नारायणगढ़ को राजनीतिक उदासहीनता के चलते जिला का दर्जा नही दिया गया।

### नारायणगढ़ उपमण्डल का इलाका शिवालिक क्षेत्र के अधीन

**विजय** बंसल ने कहा कि नारायणगढ़ उपमण्डल का इलाका शिवालिक क्षेत्र के अधीन हैएजोकि पिछड़ा व अर्ध पहाड़ी क्षेत्र है।नारायणगढ़ के हजारो निवासियो को रोजमर्रा के जिला प्रशासनिक कार्यो के लिए 40 किलोमीटर दूर अम्बाला जाना पड़ता हैएजबकि यदि सरकार नारायणगढ़ को जिला का दर्जा दे तो सरकार का प्रशासनिक दफ्तरों के निर्माण के लिए भी कोई खर्च नही होगा क्योंकि नारायणगढ़ में पहले से ही मिनी सचिवालय हैएवही नारायणगढ़ में सबसे पुराना उपमण्डल होने के साथ साथ राजकीय महाविद्यालयएसरकारी अस्पतालएबिजली.जल स्वास्थ्य.लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंताओ के कार्यालयएतहसील व न्यायलय होने के साथ ही तमाम प्रशासनिक दफ्तर पहले से ही है।इसके साथ ही नारायणगढ़ उपमण्डल के अधीन सजादपुर ब्लाक में भी राजकीय कन्या महाविद्यालय,सब तहसील व तमाम ब्लाक स्तरीय प्रशासनिक कार्यालय है।

# भोजपुरी के महान विश्व प्रसिद्ध कलाकार स्वर्गीय भिखारी ठाकुर के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय साहित्य नित्य स्मारक एवं विश्वविद्यालय का निर्माण कराने की मांग।

## भोजपुरी के महान विश्व प्रसिद्ध कलाकार स्वर्गीय भिखारी ठाकुर की 137 वीं जन्मदिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** भोजपुरी के महान विश्व प्रसिद्ध कलाकार स्वर्गीय भिखारी ठाकुर की 137 वीं जन्मदिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भोजपुरी के महान विश्व प्रसिद्ध कलाकार स्वर्गीय भिखारी ठाकुर की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ0 एजाज अहमद (अधिवक्ता) डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ शाहनवाज अली ,डॉ अमित कुमार लोहिया ,वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक ने संयुक्त रूप से कहा कि आज ही के दिन आज से 137 वर्ष पूर्व 18 दिसंबर 1887 ई0 को बिहार के छपरा में स्वर्गीय भिखारी ठाकुर का जन्म हुआ था। उनका सारा जीवन समाज जागृति एवं कला संस्कृति के लिए समर्पित रहा। भिखारी ठाकुर ने बिहार, नेपाल एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, वेश्यावृति उन्मूलन, नारी उत्पीड़न जैसे अनेक सामाजिक कुरीतियों को अपने कला मंच के माध्यम से समाज के समक्ष प्रस्तुत कर समाज में जागृति लाने का प्रयास किया। 1917 मे भोजपुरी के महान कलाकार भिखारी ठाकुर ने अपने कला मंच के माध्यम से समाज में जागृति लाने का प्रयास आरंभिक किया था। 1930 से 1970 के बीच बिहार, असम, उत्तर प्रदेश एवं नेपाल के क्षेत्रों में हजारों कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं कला एवं संस्कृति को जीवंत रूप दिया। इस अवसर पर डॉ0 एजाज अहमद, डॉ0 शाहनवाज अली , डॉ अमानुल हक ,डॉ अमित कुमार लोहिया ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि भोजपुरी के महान विश्व प्रसिद्ध कलाकार स्वर्गीय भिखारी ठाकुर के सम्मान में सरकार द्वारा राष्ट्रीय साहित्य नित्य स्मारक एवं विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाए ताकि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में कलाकारों के योगदान को नई पीढ़ी जान सके। यही होगी गी सरकार द्वारा कलाकारों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली।

# विश्व अरबी भाषा दिवस पर दिया गया विश्व शांति, मानवता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश।




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** विश्व अरबी भाषा दिवस के अवसर पर शांति दूत सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ. एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल ,डॉ. शाहनवाज अली, डॉ. अमित कुमार लोहिया, डॉ. अमानुल हक वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से विश्व शांति, मानवता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए कहा कि हर साल 18 दिसंबर को विश्व अरबी भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। अरबी भाषा दुनिया की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। मानव सभ्यता और संस्कृति को जोड़ने में अरबी भाषा का योगदान अतुलनीय है। अरबी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली और लिखी जाने वाली भाषाओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र ने भी अरबी को अपनी आधिकारिक भाषा बनाए रखा है। संयुक्त राष्ट्र, दुनिया की कई सरकारों एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चूंकि यूनेस्को शांति, संवाद और आपसी समझ के लिए संस्कृति की शक्ति में विश्वास करता है, इन प्रदर्शनों का उद्देश्य उन कई तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है जिनसे अरबी भाषा सांस्कृतिक विविधता में योगदान देती है और आशा का संदेश फैलाती है। अरबी भाषा मानवता की सांस्कृतिक विविधता का एक स्तंभ है। यह दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसका प्रतिदिन 400 मिलियन से अधिक लोग उपयोग करते हैं। विश्व अरबी भाषा दिवस 2012 से हर साल 18 दिसंबर को मनाया जाता है। यह तिथि 1973 के उस दिन से मेल खाती है जब संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने अरबी को संगठन की छठी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। शास्त्रीय या द्वंद्वात्मक, मौखिक अभिव्यक्ति से लेकर काव्यात्मक सुलेख तक, अपने रूपों की विविधता में, अरबी भाषा ने वास्तुकला, कविता, दर्शन और गीत जैसे विविध क्षेत्रों में एक आकर्षक सौंदर्यशास्त्र को जन्म दिया है। यह पहचान और विश्वासों की अविश्वसनीय विविधता तक पहुँच प्रदान करता है और इसका इतिहास अन्य भाषाओं के साथ इसके संबंधों की समृद्धि को प्रकट करता है। अरबी ने ज्ञानोदय में एक उत्प्रेरक भूमिका निभाई, पुनर्जागरण यूरोप में ग्रीक और रोमन विज्ञान और दर्शन के प्रसार को बढ़ावा दिया है। इसने भारत के तटों से लेकर अफ्रीका के हॉर्न तक सिल्क रोड के किनारे संस्कृतियों के संवाद को सक्षम बनाया है। इस 12वें विश्व अरबी भाषा दिवस पर, यूनेस्को लगभग 450 मिलियन लोगों को सम्मानित और सलाम करना चाहता है जो एक असाधारण भाषाई और सांस्कृतिक विरासत, विविधता और सांस्कृतिक प्रेरणा के प्रतीक को जीवित रखते हैं।

# भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के द्वारा नि:शुल्क कंबल वितरण




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के तत्वावधान में सोमवार को भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला पत्रकार प्रकोष्ठ शाहीन सबा द्वारा बिहार में सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को ठंड की शुरूआत में निशुल्क कंबल वितरण किया गया। डॉ अमानुल हक,वरिष्ठ पत्रकार सह राष्ट्रीय महासचिव भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ ने बताया कि पिछले कई वर्षों से निशुल्क कंबल वितरण किया जा रहा है. इस दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मिश्रा, अजीत कुमार, मधुसुदन प्रसाद, शाहीन सबा ने सभा को संबोधित करते हुए इस कार्य को समाज के लिए बहुत अच्छा बताया तथा इस पुनित कार्य करने वाले को शुभकामना दी। साथ ही उन्होंने कहा कि हर उस आदमी को जिसके पास भगवान ने पैसे से नवाजा है गरीबों को दान करना चाहिए। इस काम को भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ कर रही है इस से जुड़े सारे पत्रकार इस काम को हर साल करे ताकि समाज को नई तरह की राह मिलता रहे और कंबल वितरण कार्यक्रम जरूरत मंद इंसान तक पहुंचता रहे।

# 22 दिसम्बर को जिले के दस केंद्रों में 4128 परीक्षार्थी देगे पीसीएस परीक्षा

### पीसीएस परीक्षा की व्यवस्थाओं को लेकर कैंप कार्यालय में बैठक संपन्न

■ महोबा



लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा 2024 की तैयारियों के संबन्ध में मंगलवार को कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी मुदृल चौधरी और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के संबन्ध में सेक्टर, स्टैटिक, जोनल मजिस्ट्रेट एवं केंद व्यवस्थापाकों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए साथ ही गए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनान किए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दियें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा 2024 22 दिसम्बर को जनपद में होनी है, जिसके लिए जिले में दस केंद्र बनाए गए जिसमें वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा, राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर, राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी शामिल है। बताया कि पीसीएस परीक्षा में कुल 4128 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम होगी पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक आयोजित की जायेंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहें।

# रोडवेज बसों के कारण बस स्टैण्ड पर लगता है जाम

### स्टेशन इंचार्ज की नहीं सुनते चालक



बस स्टैण्ड मे खडी आडी तिरछी बस

■ चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की गाडियो के आडा तिरछा खडा करने पर अक्सर बस स्टैण्ड के पास जाम लग जाता है इस जाम को खुलवाने के लिये यातायात पुलिस को कडी मषक्कत करनी पडती है। बात करने पर अक्सर विवाद की स्थिति बन जाती है। रोडवेज बस चालक हाईवे को अपनी बपौती समझते है। किसी का कहना भी नही मानते।

मंगलवार को रोडवेज बस के बैक करने पर बस स्टैण्ड मे भीषण जाम लग गया। जाम के चलते क्रास कर रही बाइक एक दूसरे से भिड गयी। एक युवक का पैर टूट गया एंबुलेंस की मदद से उसे सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। दूसरी तरफ स्टेषन इंचार्ज रोडवेज बस ड्राइवर को लगातार एलाउंस कर रहा था कि बस को आगे चौराहे से मोड ले किसी ड्राइवर नषे मे धुत्त था उसने एक नही सुनी। ऐसे मे लापरवाह चालक/परिचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिये एआरएम से वरिष्ठ पत्रकार ने षिकायत की। एआरएम ने कहा कि इस मामले को मैं देखता हूं और जल्द ही कार्रवाई की जायेगी।

**एआरएम ने कार्रवाई की दी चेतावनी**

## चित्रकूट के छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान, पाये मेडल



**चित्रकूट।** ताइक्कांडो एसोसिएशन फ्तेहपुर के तत्वावधान में रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में चित्रकूट के छात्रों ने परचम लहराया। बचपन प्ले स्कूल फ्तेहपुर में प्रतिभागी छात्रों श्रेयांश कुमार अशोक पब्लिक स्कूल ने दो स्वर्ण पदकों में कब्जा जमाया। मारुति नंदन पटेल केंद्रीय विद्यालय और देवांश त्रिपाठी सेंट थामस ने एक गोल्ड एक सिल्वर जीता। विवेक कुमार चित्रकूट इंटर कॉलेज ने सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। शौर्य तिवारी मॉडर्न पब्लिक स्कूल और लक्ष्य सिंह केंद्रीय विद्यालय ने भी पदक जीते। बच्चों को कोच रमेश कुमार और अभिभावक राकेश सिंह पटेल और सुभाष चंद्र ने प्रतिभाग कराया।

## मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**बांदा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप एवं प्रेक्षक भगवान शरण अपर आयुक्त द्वितीय चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा तथा अंकुर अग्रवाल पुलिस अधीक्षक बॉदा ने नगर निकाय उप निर्वाचन 2024 के आज सम्पन्न हो रहे मतदान को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत बबेरू के मतदान केन्द्रों क्रमशः जेपी शर्मा इण्टर कॉलेज बबेरू, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बबेरू, प्राथमिक विद्यालय चैबिन थोक बबेरू, प्राथमिक विद्यालय भवानीदीन का पुरवा तथा प्राथमिक विद्यालय प्रथम एवं द्वितीय बबेरू का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया के कार्यों को चेक करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने वांक्षित को दबोचा

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी उपनिरीक्षक अंशुल कुमार ने वांछित राजू पुत्र जुगराज निवासी दुल्हन तलैया सोनेपुर को गिरफ्तार किया।

# सीएचसी आने जाने में लोगों को फिर सताने लगा मधुमक्खियों का डर

### नागरिकों ने अधिकारियों से सीएचसी बिल्डिंग में लगे छत्तों को हटवाए जाने की उठाई मांग

■ महोबा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ की बिल्डिंग में मधुमक्खियां द्वारा छत्ता बना लिए जाने से यहां उपचार कराने और मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यहां तक कि सीएचसी स्टाफ भी डरे सहमे नजर आते हैं। छह माह पूर्व मधुमक्खियों द्वारा महिला वार्ड में मौजूद मरीज व अन्य लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिए जाने की शिकायत पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बिल्डिंग में लगे मधुमक्खियों के छत्तों को हटवाया गया, लेकिन एक बार फिर मधुमक्खियों ने अपना घर बना लिया, जिससे लोगों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। नगर वासियों ने इन छत्तों को हटवाए जाने की एक बार फिर मांग की गई, लेकिन इन मधुमक्खियों के छत्तों को एक माह बीत जाने के बाद भी नहीं हटवाया गया है।

तहसील कुलपहाड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बार फिर मधुमक्खियों की दहशत के छाये में मरीज अपना इलाज करा रहे है। सीएचसी कुलपहाड़ की बिल्डिंग में बड़े बड़े दो मधुमक्खियों के छत्ते लग गए हैं, जिससे उपचार कराने और उनके साथ आने वाले लोग इन छत्तों पर नजर पड़ते ही वहां से जल्दी निकलने की फिराक में रहते हैं कि कहीं मधुमक्खियों का निशाना न बन जाए। इतना ही नहीं बल्डिंग में जहां पर छत्ते लगे हुए हैं वहां पर अब न तो खड़े होते हैं और ही बैठे नजर आ रहे है। सीएचसी अपने मरीज को लेकर आने वाले द्रगपाल, माया, कालीचरन आदि बताते हैं कि मधुमक्ख्यिं का आतंग कोई नया नहीं है छह माह पहले महिला वार्ड में वह मरीज को देखने के लिए आए थे तभी मधुमक्खियां वार्ड में घुस गई जिससे भर्ती मरीज वहीं चादर ओढ़कर ले गए और अन्य लोग उनने बचने के लिए इधर उधर भागने लगे थे, जिससे अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# टैलेंट सर्च लीग में तीसरे दिन शाश्वत यादव एवं सत्यम श्रीवास रहे मैन ऑफ द मैच



**बांदा।** टैलेंट सर्च लीग में तीसरे दिन सुबह का पहला मुकाबला लीजेंड ब्लास्टर बनाम पावर हिटर के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पावर हिटर ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए लीजेंड केवल 51 रन ही बना सकी, लीजेंड ब्लास्टर कि तरफ से सर्वाधिक 12-12 कनिष्क और योगेंद्र ने बनाए।पावर हिटर कि तरफ से सर्वाधिक 4 विकेट शाश्वत यादव व 2 विकेट सुमित ने लिए।लक्ष्य का पीछे करने उतरी पावर हिटर ने यह मैच 5.1 ओवर में जीत लिया।पावर हिटर कि तरफ से सर्वाधिक 27 रन विपिन कुमार व 20 प्रभात ने बनाए।आज के मैच मैन ऑफ़ द मैच शाश्वत यादव रहे।टूर्नामेंट का दूसरा मैच इंडिया कैपिटल वर्सेस आरआर राइडर्स के मध्य खेला गया इंडिया कैपिटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रनों का लक्ष्य दिया जिसको इंडिया कैपिटल ने 15.2 ओवरों में हासिल कर अपनी टीम को जीत दिलाई । इसमें मैन ऑफ द मैच सत्यम श्रीवास रहे जिन्होंने चार ओवर 3 विकेट में अर्जित किया था ।मैच के दौरान टैलेंट सर्च लीग के अध्यक्ष/निर्देशक ललित प्रताप, उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी संरक्षक दिलीप सिंह गौर, वासिफ जमा खां, प्रकाश द्विवेदी जी, हमीरपुर आंबेडर पार्क के क्रिकेट कोच आलोक साहू जी, पुलिस लाइन के पी टी आई संजय मिश्रा, ओपी सर सामाजिक एकता सोसाइटी उत्तर प्रदेश के प्रबंधक श्रीमती नजरा खातून कोषाध्यक्ष शिवम गुप्ता, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार सुनील सक्सेना, अनिल मिश्रा, प्रवीण पांडेय कबड्डी रेफरी अतर्रा आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर दिवस पर हुई बैठक में पेंशनरों ने गिनाई अधिकारियों को समस्याएं

### अपर जिलाधिकारी ने समस्याओं के साथ पर्यावरण संरक्षण कार्य में सहयोग का दिया आश्वासन

■ महोबा



अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनरों की समस्याओं के बावत बैठक संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ो पेंशनरों द्वारा अपने अधिकारों के प्रति जहां आवाज उठाई गई तो वहीं सजग होकर अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति पर्यावरण को निजी मुद्दा बताते हुए पर्यावरण संरक्षण किए जाने के लिए शपथ ली। पेंशनर दिवस पर संपन्न हुई बैठक में वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि महोबा जनपद के पेंशनरों की पर्यावरण संरक्षण की यह पहल जलवायु परिवर्तन की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। जलवायु परिवर्तन से खाद्यान्न में कम हो रहे पोषण तत्वों के साथ भारत सहित पूरे विश्व में बाढ़, कहीं सूखा, कृषि संकट एवं बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वही जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उत्पादन में कमी, तापमान में अनियमितता और वर्षा के बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

महामंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का यह काम जिला प्रशासन के बगैर सहयोग के आगे नहीं बढ़ सकता। संस्थान के मंडलीय अध्यक्ष ओपी सिंह ने जनपद के अधिकारियों से 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त एवं पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किए जाने के साथ जिला चिकित्सालय में तैनात सभी चिकित्सकों से रोस्टर के अनुसार ओपीडी एवं इमरजेंसी में कार्य कराई जाने सहित प्राइवेट प्रैक्टिस बंद न करने वाले चिकित्सकों को मिलने वाला नॉन प्रेक्टिस भत्ता बंद करने की मांग रखी। शिवकुमार त्रिपाठी ने इस बात को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया कि शहर में कोई ऐसा कोई स्थान विकसित नहीं है जहां वृद्धजन सुबह घूम सके। सड़कों पर घूमने पर भारी वाहनों से हो रही घटनाओं के प्रति चिंता प्रकट करते हुए प्रातः 4:00 बजे से 7:00 बजे तक शहरसे होकर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग की।

इस मौक पर राम सजीवन गुप्ता, जगदीश कुमार शिवकुमार त्रिपाठी, नुसरत उल्ला सहित आधा सैकड़ा पेंशनरों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, कोषागार से अजय तिवारी मोहम्मद कासिम सहित एक दर्जन से अधिक जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में पांच आईईडी बरामद किए गए



**इंफाल ।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में कुल 21.5 किलोग्राम वजन के पांच आईईडी मिले हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि मंगलवार को मोंगलहाम के समीप माफीटेल रिज में 'स्पीयर कोर' और मणिपुर पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान ये आईडी बरामद किये गये। उसने बताया कि एक कुत्ते ने इन विस्फोटकों की बरामदगी में अहम भूमिका निभायी। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान 5.5 किलोग्राम के दो आईईडी, चार किलोग्राम का एक आईईडी, 3.5 किलोग्राम के दो आईईडी और 25 मीटर 'कॉर्डटेक्स' तार बरामद किया गया। इस बीच, कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों ने फैलेंग से मैगजीन के साथ एक 'सबमशीन गन (एसएमजी)' और एक अत्याधुनिक मोर्टार जब्त किया।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग



**कोच्चि ।** कोच्चि से बहरीन जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को सुरक्षा चिंताओं के कारण नेदुम्बसेरी हवाई अड्डे पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। टायर की बाहरी परत का एक हिस्सा रनवे पर पाए जाने के बाद वापस लौटने का निर्णय लिया गया। आधे घंटे से अधिक समय तक तनावपूर्ण क्षणों के बाद, विमान दोपहर 12:30 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में 104 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य सवार थे। विमान ने ईंधन के स्तर को कम करने के लिए लैंडिंग से पहले नेदुम्बसेरी क्षेत्र में कई बार चक्कर लगाया, जो आपातकालीन लैंडिंग के दौरान आग के जोखिम को कम करने के लिए एक एहतियाती कदम था। हालाँकि विमान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी, लेकिन सुरक्षा उपाय के तौर पर वापस लौटने का निर्णय सख्ती से लिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने डीजे के खिलाफ कार्यवाही रोकी



**जयपुर ।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्देशानुसार जमानती मामले में आदेश नहीं लिखने पर एक डीजे के खिलाफ अनुशानसहीनता और अवमानना कार्यवाही शुरु करने के निर्देश देने की कवायद को नाजायज और गैर—कानूनी बताते हुए रद्ध कर दिया है। जस्टिय अभय एस ओका और जस्टिस ए जी मसीह ने यह आदेश अय्युब खान की अपील को स्वीकार करते हुए दिए। कोर्ट ने हाईकोर्ट के 5 मई,2023,4 अप्रेल,2023 और 23 अप्रेल,2023 के आदेश में डीजे के खिलाफ की गई सभी टिप्पणियों को रद्ध करते हुए मामले को चीफ जस्टिस के समक्ष पेश नहीं करने व इनके आधार पर प्रशासनिक कार्यवाही भी नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

मुलाकात



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में आर्मेनिया गणराज्य की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एलेन सिमोनियन से मुलाकात करते हुए।

### महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पांच वर्षीय लड़के का अपहरण

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अज्ञात लोगों ने पांच वर्षीय एक लड़के को उसके घर के पास से अगवा कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार अज्ञात लोगों ने सोमवार शाम करीब पांच बजे भिवंडी शहर में लड़के के घर के पास से उसका अपहरण कर लिया। अधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्यों ने बच्चे की बहुत तलाश की और उसका पता नहीं लगने पर बाद में पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री वांग यी ने बीजिंग में अहम मुलाकात की

# भारत-चीन रिश्तों को पटरी पर लाने की कवायद ,अजीत डोभाल ने की विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की। दरअसल, सीमा तंत्र के लिए भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को बीजिंग में अहम मुलाकात की। इस दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने और पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध की वजह से चार साल से अधिक समय से तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों की बहाली समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

### चीन के दौरे पर अजीत डोभाल

अजीत डोभाल चीन के दौरे पर हैं। वे व्यापक सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता के नए संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह वार्ता करीब पांच साल के अंतराल के बाद हो रही है। इससे पहले विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की वार्ता दिसंबर 2019 में नई दिल्ली में हुई थी। इस बातचीत के चैनल को बहाल करने का फैसला 23 अक्तूबर को कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में लिया गया था।



### मई 2020 में शुरू हुआ था सैन्य गतिरोध

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था। तब जून में गलवां घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में तनाव आ गया था। यह गतिरोध एक समझौते के तहत देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद समाप्त हुआ था। सैनिकों की वापसी के समझौते को 21 अक्तूबर को अंतिम रूप दिया गया था। समझौते पर हस्ताक्षर होने के दो दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग ने रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर बातचीत की थी। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता सहित कई वार्ता तंत्रों को बहाल करने पर सहमति व्यक्त की थी।

बाइडन सरकार को भरोसा– चुनौतियों से उबर जाएंगे

# अदाणी, पन्नू मामलों से भारत-अमेरिका के रिश्तों में खटास

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका की सत्ता में बाइडन सरकार के अब कुछ ही दिन बचे हैं और जल्द ही इसकी विदाई हो जाएगी। व्हाइट हाउस में जब एक प्रशासनिक अधिकारी से भारत-अमेरिका के संबंधों में हाल के दिनों में आई चुनौती को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम इससे निपट लेंगे और चुनौतियों से उबर जाएंगे। गौरतलब है कि एक भारतीय अधिकारी पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में हत्या की कथित साजिश रचने का आरोप है। वहीं अमेरिका के न्याय विभाग ने भारतीय अरबपति गौतम अदाणी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं और अभियोग शुरू किया गया है। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी गर्मजोशी देखी गई थी और अमेरिका ने भारत को अहम रणनीतिक सहयोगी करार दिया था। अब उक्त दोनों मामलों की वजह



से भारत-अमेरिका के रिश्तों में थोड़ा तनाव आया है। बाइडन सरकार के अधिकारी ने दोनों देशों के रिश्तों पर कहा कि भारत-अमेरिका का रिश्ता काफी सघन, जटिल और विविधतापूर्ण है। दोनों पक्षों के सामने चुनौती है और अहम ये है कि हम इस चुनौती से कैसे निपटते हैं। दोनों पक्षों में इसे लेकर बातचीत हुई है और मुझे विश्वास है कि हम इसे सही तरीके से निपटने में सक्षम होंगे। एक अन्य अधिकारी ने अभियोगों को कानूनी मामला बताया और कहा कि 'इन पर जांच एजेंसियां ही सही जवाब दे सकती हैं। हमारे लिए व्हाइट हाउस या विदेश विभाग की ओर से टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा।

### 'ट्रंप सरकार में भी भारत के साथ रिश्ते मजबूत रहने की उम्मीद'

बाइडन सरकार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत मजबूत स्थिति में' छोड़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत रहेंगे। अमेरिका के उप-विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा कि 'हम अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर बहुत महत्वाकांक्षी हैं। कैंपबेल, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के साथ मंगलवार को ह्यूस्टन में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष यात्रियों से मिलने पहुंचे थे, जो अगले साल नासा के साथ साझेदारी में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक संयुक्त मिशन के लिए नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### एक ही दिन में किए 9 नशा तस्कर गिरफ्तार

**शिमला ।** शिमला पुलिस नशे के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन क्लीन के तहत रोजाना नशा तस्करों को गिरफ्तार कर रही है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि बीते दिन शिमला पुलिस ने जिला में 9 नशा तस्करों को दबोचा है। पुलिस ने रोहड़ू क्षेत्र में एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरतार किया। ये आरोपी हालही में खड़ापत्थर में पकड़ी गई दो महिलाओं के गिरोह के सदस्य थे। इस मामले में अब तक कुल 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा, पुलिस थाना ठियोग के तहत तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 10.23 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। वहीं, सदर और दो अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस ने तीन नशा तस्करों को चिट्टे के साथ पकड़ा है।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में कटरा बंद का ऐलान

**कटरा ।** वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद का ऐलान किया है। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों सहित सभी दुकानदार सुबह 11 बजे शालीमार पार्क में एकत्रित होंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन देने का ऐलान किया है। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपये की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें अपनी आजीविका के नुकसान का डर है।



## सीरिया के अंदर बफर जोन में पहुंचे इजरायली प्रधानमंत्री

**यरुशलम ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार को बफर जोन पहुंचे और इस दौरान उन्होंने सीरिया की सीमा में भी प्रवेश किया। ऐसा पहली बार है, जब कोई इजरायली नेता सीरियाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बफर जोन पर फिलहाल इजरायल का कब्जा है। गत आठ दिसंबर को सीरिया में बशर अल-असद शासन के पतन के बाद इजरायली सैनिक दोनों देशों के बीच स्थित बफर जोन में दाखिल हो गए थे। यहां इजरायल और सीरिया के बीच कोई सैन्य गतिविधि न करने का समझौता था। नेतन्याहू के साथ रक्षा मंत्री इजरायल काट्स भी रहे। इस दौरान सीरियाई क्षेत्र में एक उच्च स्तरीय बैठक भी की गई। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली सेना सीरियाई सीमा पर और विशेष रूप से माउंट हरमोन के शिखर पर एक बफर जोन में रहेगी जब तक कि कोई अन्य व्यवस्था नहीं मिल जाती जो इजरायल की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



चिंताजनक : ; 51 जिलों में भीषण बाढ़–91 में सूखे का खतरा

# देश में तेजी से बढ़ता जा रहा है जलवायु परिवर्तन का दायरा

- सूखे के भारी खतरे वाली श्रेणी के अंतर्गत आने वाले 65 जिले 22 राज्यों में स्थित
- 51 जिलों में भीषण बाढ़ और 91 जिलों में भयंकर सूखे का खतरा मंडरा रहा

एजेंसी, नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन की वजह से देश के 51 जिलों में भीषण बाढ़ और 91 जिलों में भयंकर सूखे का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा अन्य 118 जिले उच्च बाढ़ और 91 जिले उच्च सूखे की जद में हैं। 11 जिले बाढ़ और सूखे दोनों के भयंकर खतरे में हैं। इनमें पटना, केरल में अलपुझा, असम में चराईदेव, डिब्रूगढ़, शिवसागर, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, गोलाघाट, ओडिशा में केंद्रपाड़ा, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद, नादिया और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं। यह जानकारी सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पालिसी (सीएसटीईपी), गुवाहाटी और मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा तैयार की गई जलवायु जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में दी गई है।



### 22 राज्यों के 65 जिले हो सकते हैं प्रभावित

रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ से संबंधित खतरे के विपरीत सूखे का खतरा पूरे देश में समान रूप से फैला हुआ है। सूखे के भारी खतरे वाली श्रेणी के अंतर्गत आने वाले 65 जिले 22 राज्यों में स्थित हैं। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक, राजस्थान, असम, केरल, नागालैंड और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। बाढ़ और सूखे से ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पहले 110 जिले सूखे से बाढ़ की तरफ गए थे लेकिन अब सूखे से ज्यादा बाढ़ झेलने वाले जिलों की संख्या 149 हो गई है।

### 4,000 तहसीलों में बारिश में दस फीसदी वृद्धि

देश की 4,000 से अधिक तहसीलों में से लगभग 55 फीसदी में पिछले दशक यानी 2012-22 तक जलवायु आधार रेखा (1982-2011) की तुलना में मानसूनी बारिश में 10 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों के पारंपरिक रूप से सूखे इलाकों में दर्ज किया गया है।

# छटपटाए मल्लिकार्जुन खड़गे, कपड़े फाड़ने लगे जयराम

चर्चा संविधान पर थी तो अमित शाह ने कांग्रेस के सिर्फ चार संविधान संशोधन गिनाकर कांग्रेस को मुंह लटकाने को मजबूर कर दिया।

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को धोया था तो राज्यसभा में अमित शाह ने इतना धोया कि मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश तो कपड़े फाड़ने लगे। आमतौर पर ऐसा होता है कि जब जब आपातकाल का जिक्र आता है तो कांग्रेसी मुंह छिपा लेते हैं। लेकिन, जब अमित शाह ने आपातकाल का कई बार जिक्र किया तो जयराम रमेश ने कहा कि बार-बार आपातकाल का जिक्र क्यों। तो अमित शाह ने कहा कि बार-बार कहेंगे, ताकि देश का बच्चा-बच्चा जान जाए कि आपने आपातकाल क्यों लगाया और आपातकाल लगाकर क्या-क्या किया। चर्चा संविधान पर थी तो अमित शाह ने कांग्रेस के सिर्फ चार संविधान संशोधन गिनाकर कांग्रेस को मुंह लटकाने को मजबूर कर दिया। पहले उदाहरण पर मल्लिकार्जुन खड़गे छटपटाने लगे, क्योंकि सोमवार को अपने शुरुआती भाषण में खड़गे ने उस संशोधन का जिक्र किया था। नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उस संशोधन का जिक्र किया था तो खड़गे ने उसका जवाब राज्यसभा में दिया। वह संशोधन 18 जून 1951 में हुआ था, जिसमे नेहरू ने संविधान में 19ए जोड़ा था, जिसमें अभिव्यक्ति की आज़ादी वाले मौलिक अधिकार में कटौती की गई थी। यह ठीक है कि वह कटौती सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के कारण हुई थी। यह भी ठीक है कि सरदार पटेल ने उस संशोधन का समर्थन किया था, जिसका जिक्र नेहरू के बचाव में खड़गे ने अपने भाषण में किया, लेकिन संविधान सभा के कई सदस्यों ने नेहरू को चुनाव हो जाने तक इंतजार करने को कहा था। अमित शाह की भी आपत्ति यह थी कि नेहरू ने लोकसभा के चुनावों का इंतजार तक नहीं किया। राज्यसभा का तब तक गठन तक नहीं हुआ था। फिर संशोधन कैसे किया जा सकता था। अमित शाह ने यह भी गिनाया कि नेहरू ने कैसे राष्ट्रपति से आदेश करवा कर 35ए जोड़ दिया। राष्ट्रपति ऐसा कर सकते थे, लेकिन बाद में उसे संसद से पास तक नहीं करवाया गया। संविधान को जैसे नेहरू अपनी जेब में रखते थे, वैसे ही राहुल गांधी अपनी जेब में रखते हैं। नेहरू लोकसभा में भी निशाने पर थे और राज्यसभा में भी निशाने पर रहे। अमित शाह ने कांग्रेस राज के बाकी तीन संविधान संशोधन वे गिनाए, जिनमें इंदिरा गांधी ने संविधान को अपने हित के लिए बदल कर रख दिया था। इनमें सबसे पहला 5 नवंबर 1971 में किया गया संशोधन था। उसमें भी संसद को नागरिकों के मौलिक अधिकार कम करने का अधिकार दिया गया था। तीसरा और चौथा संविधान संशोधन आपातकाल के दौरान किए गए, जिन्हें बाद में मोरारजी सरकार के समय पलट दिया गया था। तीसरा संशोधन 10 अगस्त 1975 में किया गया, जिसमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर के चुनावों को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। और, इसे पिछली तारीख से लागू किया गया था, ताकि इंदिरा गांधी के निर्वाचन को रद्द करने वाला इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला गैर कानूनी बनाया जा सके। चौथा संविधान संशोधन कर के लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल छह वर्ष कर दिया गया था। क्योंकि, पांच साल पूरे होने कर इंदिरा गांधी को इस्तीफा देना पड़ता। यह भी संयोग रहा कि सोमवार को ही सरकार ने एक देश एक चुनाव का विधेयक पेश किया है। जिस पर विपक्ष की एक आपत्ति यह भी थी कि अगर कोई विधानसभा बीच में भंग हो जाती है, मध्यावधि चुनाव बाकी बचे कार्यकाल के लिए होगा, जो संविधान का उल्लंघन होगा। मोदी तो राष्ट्रीय हित में ऐसा संविधान संशोधन लेकर आए हैं, ताकि साल भर के चुनावों से छुटकारा मिले। लेकिन, इंदिरा गांधी ने अपना प्रधानमंत्री पद बचाए रखने के लिए लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ा दिया था। अमित शाह ने कांग्रेस के चार संविधान संशोधनों से भाजपा कार्यकाल के पांच संशोधनों का भी जिक्र किया। हालांकि, उनमें अनुच्छेद-370 नहीं गिनाया, क्योंकि उसके लिए संविधान संशोधन नहीं करना पड़ा था। पहला जिक्र अमित शाह ने जीएसटी का किया, जिसे लेकर राहुल गांधी अभी भी रोते पिटते रहते हैं। जबकि, एक देश एक टैक्स और देश की आर्थिक मजबूती के लिए (संशोधन) किया गया है। अमित शाह ने माना कि मोदी ने कांग्रेस राज के समय जीएसटी का विरोध किया था। लेकिन, वह इसलिए किया था क्योंकि उस समय मनमोहन सरकार राज्यों को होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं कर रही थी। लेकिन, भाजपा राज्यों को भरपाई वाला जीएसटी लेकर आई है। दूसरा संविधान संशोधन ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए किया गया। जबकि, कांग्रेस न तो कभी ओबीसी आरक्षण के पक्ष में थी, न ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के पक्ष में थी। अब यह सच्चाई है, जिस पर कांग्रेस के सांसदों के चेहरे लटके हुए थे। क्योंकि, शाह ने ओबीसी आरक्षण के खिलाफ राजीव गांधी का भाषण याद दिला दिया था। तीसरा उदाहरण उन्होंने आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत आरक्षण का दिया। इंदिरा गांधी ने 1969 का चुनाव गरीबी हटाओ के नारे पर लदा था। लेकिन, कांग्रेस ने अपने 55 साल के राज ने आर्थिक रूप से पिछड़ों की गरीबी हटाने के लिए कुछ नहीं किया था। फिर ओबीसी की पहचान करने का अधिकार केंद्र ने राज्यों को दिया। महिला आरक्षण का बिल पास किया। ट्रिपल तलाक को गैर कानूनी बनाया। जबकि, कांग्रेस ने संविधान संशोधन करके महिलाओं का गुजारा भत्ता छीन लिया था। अमित शाह ने नेहरू की आलोचना करते हुए कहा कि नेहरू ने मुस्लिम पर्सनल क़ानून और हिन्दू कोड बिल लाकर न सिर्फ संविधान की भावना का उलंघन किया, बल्कि सेक्यूलरिज्म को भी गहरी चोट पहुंचाई। मुसलमानों को शरिया देना था तो पूरा शरिया लागू करते, क्रिमिनल क़ानून से शरिया को अलग क्यों किया। चोरी करने पर हाथ काटने की सजा वाला शरिया क्यों लागू नहीं किया। डॉक्टर आंबेडकर के प्रति उपजे कांग्रेस के नए नए प्यार के कुछ धागे मोदी ने खोले थे तो कुछ धागे अमित शाह ने भी खोले। अब शायद कांग्रेस पछता रही होगी कि उसने संविधान पर बहस क्यों करवाई। इस बहस ने कांग्रेस का एजेंडा ही छीन लिया।

कार्रवाई छात्रों के हित में की

# 19 कोचिंग संस्थानों पर 61 लाख का जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 45 ऐसे कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने अभ्यर्थियों को भ्रामक विज्ञापनों के जरिए सब्जबाग दिखाकर उनसे ठगी की है। दोषी पाए गए 19 संस्थानों से 61 लाख 60 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। साथ ही छले गए अभ्यर्थियों को एक करोड़ 15 लाख रुपये वापस दिलवाए हैं। प्राधिकरण ने कोचिंग सेंटरों को भ्रामक विज्ञापन से बचने और तय नियमों के अनुपालन की चेतावनी दी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यसभा में बताया कि यह कार्रवाई छात्रों के हित में की है। उपभोक्ताओं की रक्षा के लिए नए कानून बनाए जा रहे हैं। वस्तुतः प्राधिकरण को लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कि कई कोचिंग सेंटर



भारतीय प्रशासनिक सेवा (यूपीएससी), आईआईटी एवं अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से असत्य दावे-वादे करते हैं। उन्हें लुभाते हैं और अपने संस्थान में नामांकन के लिए प्रेरित करते हैं। सफल अभ्यर्थियों पर दावा जताते हैं। उन्हें अपने संस्थान का बताकर दूसरे अभ्यर्थियों को नामांकन के लिए प्रेरित करते हैं। कोचिंग सेंटरों के इसी खेल को बंद करने के लिए प्राधिकरण ने पिछले महीने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत 45 संस्थानों को नोटिस जारी कर भ्रामक विज्ञापन एवं अनुचित व्यापार बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही

संपादकीय

# लटका विधेयक

**एक देश एक चुनाव बिल के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने में सरकार फेल हो गई। 20 भाजपा सांसदों ने सदन से गैरहाजिर रह कर भाजपा की पेशानी पर बल डाल दिए।**

**लोकसभा** में मंगलवार को वन नेशन-वन इलेक्शन विधेयक लोकसभा में स्वीकार तो कर लिया गया, लेकिन भाजपा की पेशानी पर बल छोड़ गया। अप्रत्याशित रूप से व्हिप जारी होने के बावजूद भाजपा के 20 सांसद सदन से गैर हाजिर रहे। अगर सहयोगी दलों के सांसद गैर हाजिर रहते तो बात परेशानी की नहीं थी, लेकिन सत्तारुढ़ भाजपा के सांसदों की गैरहाजिरी बड़ी बात है। अब मीडिया रिपोर्टों में सूत्रों के हवाल से बताया जा रहा है कि सदन में अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को भारतीय जनता पार्टी नोटिस भेज सकती है। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 जिसे एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक के रूप में जाना जाता है, इसे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया। पेश किए जाने के बाद विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है। इसका मतलब यह है कि विधेयक लंबे वक्त के लटक गया है। लोकसभा में यह विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट पड़े। सत्ता पक्ष को बहुमत से भी तीन वोट कम मिले। इस तरह इसे सत्ता पक्ष की हार कहा जा सकता है। देशभर में एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर पिछले साल सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसी साल सितंबर में मोदी कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। इस रिपोर्ट में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने को लेकर सुझाव दिए गए थे। विधेयक के लटक जाने के बाद जाहिर है, भाजपा की परेशानी बढ़ सकती है। 129वां संविधान संशोधन बिल पास करने के लिए कुल 461 वोटों में से दो-तिहाई बहुमत यानी 307 वोटों की जरूरत थी। लेकिन, सरकार को सिर्फ 269 वोट मिले। विपक्ष की तरफ से 198 वोट पड़े। इससे समझा जा सकता है कि सरकार लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन बिल के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने में फेल हो गई है। वन नेशन वन इलेक्शन पर कुल 32 राजनीतिक दलों ने अपना समर्थन दिया है। इनमें जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआपी, के चंद्रशेखर राव की बीआरएस और पलानीसामी की एआईडीएमके जैसी पार्टियां शामिल हैं. ये तीनों पार्टियां किसी भी अलायंस का हिस्सा नहीं हैं। जबकि कांग्रेस-सपा समेत 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया है। सवाल यह है कि जो 20 सांसद सदन से गैरहाजिर रहे, क्या वे भी विधेयक के खिलाफ हैं?

पाठकवाणी

## भारत के अतिरिक्त कोई नहीं

**अब** तो विश्वास कर लो सोए हुए हिंदुओं! विश्व के 200 देशों में से भारत के अतिरिक्त तुम्हारा कोई शरणस्थल नहीं। यदि है तो केवल दक्षिण में हिंदमहासागर है। क्योंकि गांधी-नेहरू ने सत्ता के मोह में जिस पाकिस्तान का निर्माण किया था तब लगा था कि एक नए और स्थाई शत्रु को हमने अपनी आस्तीन में पाल लिया। किंतु 1971 में इंदिरा गांधी ने एक और नए शत्रु का उपहार देश को दे दिया। क्योंकि बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह। बांग्लादेश पाकिस्तान से भी दो कदम आगे निकल गया, हिंदुओं पर अत्याचार करने में। अब वो सेक्युलर जमात जिसका नेतृत्व कांग्रेस और वामपंथी करते हैं, क्या कहेगी? जो यह कहते नहीं अघाते थे कि इंदिरा ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके उसे कमजोर कर दिया। कमजोर नहीं बल्कि एक के स्थान पर दो शत्रु बना दिऐ। देख लो सेक्यूलरों और गंगा-जमुनी तहजीब के झंडाबरदारों नागों को दूध पिलाने का परिणाम। जिनको पाकिस्तान के खूनी चंगुल से मुक्त कराने को भारत के 3500 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उसी के लिए आज भारत और हिंदू सबसे बड़े शत्रु बन गए। कहां हैं भाई-चारे की दुहाई देने वाले? जरा वो चटगांव और ढाका में जाकर अपने भाई-चारे और गंगा - जमुनी तहजीब की लाश को देख लें और फिर देश के हिंदुओं की आंख में आंख डालकर सीख दें भाई-चारे की।

**-डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

कुछ खास



हम सब बहुत खुश थे कि बिना मनमुटाव के बहस होगी, लेकिन मैं देख रहा हूं दोनों सदनों में पूरे समय जवाहरलाल नेहरू , इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह को भला-बुरा कहा गया। ऐसा लग रहा है कि ये चर्चा संविधान पर है ही नहीं.. सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप है।

**-राजीव शुक्ला**, कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''योगी जी कह कौन रहा है बाबर की परंपरा चलेगी, अपने मन से कुछ भी बोलते रहते हैं। कल कहेंगे देश में अंग्रेजों की परंपरा नहीं चलेगी, कौन चला रहा है भाई, मतलब कुछ भी?''

**-राजीव निगम**

साइबरवर्ल्ड

## खामोश हो गई तबले की थाप

**तबले** पर जादू की तरह थिरकती उंगलियों के साथ ताल का मायाजाल खड़ा करने के माहिर उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। 73 बरस की उम्र में उन्होंने सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में आखिरी सांस ली। संगीत की दुनिया में लगातार छह दशकों तक उस्ताद ने अपनी छाप कायम की। संगीत की दुनिया में चार पीढ़ियों के साथ संगत करने का कीर्तिमान उन्होंने स्थापित किया। यूं तो बचपन से ही अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा खां से उन्होंने तबला वादन की तालीम ली, लेकिन 12 बरस की अल्पायु में ही बड़े गुलाम अली, आमिर खां, ओंकारनाथ ठाकुर के साथ संगत की, 16-17 के होते-होते वे पं. रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खां के साथ कार्यक्रमों में तबला बजाने लगे। उनके पिता ने भी पं. रविशंकर के साथ लंबे वक्त तक संगत की। इसके बाद जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीतज्ञों की अगली पीढ़ी पं. हरि प्रसाद चौरसिया, पं. शिव कुमार शर्मा, उस्ताद अमजद अली खां के साथ संगत की और फिर उनकी पीढ़ी शाहिद परवेज, राहुल शर्मा, अमान अली खां, अयान अली खां आदि के साथ भी तबला बजाया। संगीत की चार पीढ़ियों का साथ देते-देते जाकिर हुसैन ने हिंदुस्तानी और पाश्चात्य संगीत के बीच भी अद्भुत तालमेल किया। इसलिए उन्हें चार-चार ग्रैमी अवार्ड मिले, जिनमें तीन तो इसी साल फरवरी में ही मिले थे। भारत सरकार ने भी उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण से नवाजा, इसके अलावा कालिदास सम्मान, संगीत नाटक अकादमी अवार्ड भी उन्हें दिए गए। लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन होने का महत्व इस बात से था कि अपने संगीत को उन्होंने दुनिया को एक जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया। नसरीन मुन्नी कबीर की पुस्तक 'ए लाइफ इन म्यूज़िक' में उस्ताद जाकिर हुसैन के हवाले से बताया गया है, जब मैं पैदा हुआ तो मां ने मुझे पिता उस्ताद अल्ला रक्खा की गोद में रखा। दस्तूर के मुताबिक उन्हें मेरे कान में एक प्रार्थना सुनानी थी। पिता बीमार थे, लेकिन फिर भी वो अपने होंठों को मेरे कानों के बिल्कुल करीब ले आए और तबले के कुछ बोल सुनाये। मां नाराज हुईं और कहा कि यह तो अपशकुन है। पिता ने जवाब दिया कि संगीत मेरी साधना है और सुरों से मैं सरस्वती और गणेश की पूजा करता हूं। इसलिए यही सुर-ताल मेरी दुआ है।

**-सुरजन पलाश** की फेसबुक वॉल से

# नकली दवाओं का संजाल

सामयिक



**शाहीन सबा**

**देश के अलग-अलग राज्यों में 29 दवा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। इसके अलावा आठ केंद्रीय लैब भी स्थापित हैं। मिलावटी दवाओं पर रोक लगाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। ऐसे मामलों में राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर नियामक एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।**

समाचार पत्रों में प्रमुखता से नकली दवाइयों के जब्ती की खबर छपी है। खबर के अनुसार महाराष्ट्र के ठाणें में जिले में छापेमारी के बाद 1.85 करोड़ रुपये की नकली दवाएं जब्त की गईं हैं। बताया कि पिछले कुछ महीनों में भिवंडी के एक गोदाम और मीरा रोड इलाके में एक अन्य प्रतिष्ठान पर छापे मारे गए और ये नकली दवाइयां पकड़ी गईं। जांच में पता चला कि आरोपी नकली दवाओं का निर्माण और बिक्री कर रहे थे, और वो निर्माता होने का झूठा दावा कर रहे थे। दवाओं को कई राज्यों में भेजा जा रहा था। यह तो केवल एक छापा था उसके आलावा महाराष्ट्र के नागपुर, वर्धा, भिवंडी व अंबाजोगाई सहित राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में नकली दवाईयों के आपूर्ति के मामले सामने आ रहे है और दवा आपूर्ति में होने वाले बोगसगिरी का भंडाफोड हुआ है। जिसके पीछे कोई बडा अंतरराज्यिय रैकेट रहने की संभावना है। विशेष उल्लेखनीय यह है कि, विगत 15 माह से किसी न किसी सरकारी अस्पताल में नकली दवाईयों का स्टॉक मिल रहा है और मामले की जांच भी चल रही है। लेकिन इसके बावजूद अब तक प्रशासन के हाथ पूरी तरह से खाली है।

बता दें कि, नागपुर, वर्धा व भिवंडी सहित अब अंबाजोगाई के स्वामी रामानंदा तीर्थ वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल में नकली दवाईयों की आपूर्ति होने का मामला सामने आया है। अंबाजोगाई के अस्पताल में एक मरीज का नकली दवा की वजह से रिएक्शन हुई। जिसे लेकर अस्पताल प्रशासन ने अन्न व औषधी प्रशासन के पास शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि, नागपुर में भी एजीथ्रोमायसिन की नकली गोलियों की आपूर्ति हुई है। ऐसे में अन्न व औधषी प्रशासन ने इस दवाई के प्रयोग को रुकवाते हुए हॉस्पिटल के स्टॉक की जांच की, तो पता चला कि, अंबाजोगाई के अस्पताल में 25 हजार गोलियों का स्टॉक मिला। साथ ही पता चला कि, एजीथ्रोमायसिन टैबलेट की आपूर्ति का ठेका कोल्हापुर की विशाल इंटरप्राइजेस नामक कंपनी को मिला था और इसी कंपनी ने अंबाजोगाई के स्वामी रामानंदा तीर्थ अस्पताल को दवाईयों की आपूर्ति की थी। साथ ही साथ इसी कंपनी ने नागपुर के सरकारी अस्पताल में भी इस दवा की आपूर्ति की थी और इस कंपनी के खिलाफ नागपुर के अजनी पुलिस थाने में अपराध भी दर्ज है। ऐसे में अब पूरे मामले की सघन जांच की जा रही है। लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर जताया जा रहा है कि, विगत 15 माह से राज्य के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में उजागर हो रहे इन मामलों के बावजूद अब तक पुलिस तथा अन्न व औषधि प्रशासन विभाग के हाथ पूरी तरह से खाली है। पिछले सप्ताह दिल्ली पुलिस ने नकली दवाओं के एक बड़े गिरोह को पकड़ा। पुलिस ने आरोपितों के पास से कैंसर की अलग-अलग ब्रांड की नकली दवाएं बरामद कीं। इनमें सात दवाएं विदेशी और दो भारतीय ब्रांड की हैं। आरोपी कीमोथैरेपी के इंजेक्शन में पचास से सौ रुपये की एंटी फंगल दवा भरकर एक से सवा लाख रुपये में बेच रहे थे। कुछ दिन पहले ही तेलंगाना में औषधि नियंत्रक प्रशासक ने चाक पाउडर से भरी डमी गोलियां बरामद कीं। इसी तरह गाजियाबाद में नकली दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी गई थी। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गुणवत्ताविहीन और मिलावटी दवाओं के कारोबार से जुड़े मामले प्रकाश में आते रहते हैं।





एक ही मर्ज की बाजार में मिलने वाली अलग-अलग ब्रांड की दवाओं की दक्षता में अंतर होना चिंताजनक है। नकली और मिलावटी दवाएं जहां बीमारी से लड़ने में असरदार नहीं होती हैं, वहीं वे दूसरे रोगों का कारक बनती हैं। इनका सेवन गुर्दे, यकृत, हृदय और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। गुणवत्ताविहीन दवाएं निर्यात के मोर्चे पर देश की साख भी कमजोर करती हैं। लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाली ये गतिविधियां अब संगठित अपराध की शक्ल ले चुकी हैं। देश में नकली और मिलावटी दवाओं पर रोक लगाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 में दंड और जुमार्ने का प्रविधान है। इसके अंतर्गत नकली दवाओं से रोगी की मौत या गंभीर चोट पर आजीवन कारावास की सजा है। मिलावटी या बिना लाइसेंस दवा बनाने पर पांच साल की सजा का प्रविधान है।

देश के अलग-अलग राज्यों में 29 दवा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। इसके अलावा आठ केंद्रीय लैब भी स्थापित हैं। मिलावटी दवाओं पर रोक लगाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। ऐसे मामलों में राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर नियामक एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। एक साधारण व्यक्ति के लिए यह समझ पाना आसान नहीं कि किसी दवा का रासायनिक संयोजन क्या है। मरीजों को दवाओं के बारे में जरूरी और स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जाती।

पिछले साल दवाओं में क्यूआर कोड लगाए जाने की पहल शुरू हुई है। यह सभी दवाओं में अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे दवाओं की कालाबाजारी थमेगी। दवाओं की गुणवत्ता तय करने में फामार्कोविजिलेंस कार्यक्रम काफी मददगार साबित हो सकता है। इसमें दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों का अध्ययन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण बनाया जाता है। घटिया दवाओं से जुड़े मामलों की जितनी अधिक शिकायतें होंगी, कानूनी शिकंजा उतना ही सख्त होगा। दवा उद्योग में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए केंद्र सरकार शिकायत प्रणाली को मजबूत कर रही है। कुछ दिन पहले दवा कंपनियों के लिए यूनिफार्म कोड फार फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिस (यूसीएमपी), 2024 लागू किया गया है। इसके तहत अब दवा कंपनियों को अपनी वेबसाइट पर शिकायत करने की व्यवस्था देनी होगी। कंपनियां चिकित्सकों को प्रचार के नाम पर उपहार नहीं दे सकेंगी। आयोजन में विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किए जाने वाले चिकित्सकों को ही आने-जाने एवं ठहरने की सुविधा दी जा सकती है। ऐसे आयोजनों के खर्च का ब्योरा भी यूसीएमपी के पोर्टल पर साझा करना होगा।

अब यह समझने में विशेष कठिनाई नहीं होनी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था पर घटिया एवं नकली दवाओं का बड़ा असर क्यों होता है। ये दवाएं बीमारियां ठीक करने में कारगर नहीं होतीं और अक्सर लोगों को अधिक समय तक बीमार रखती हैं। कभी-कभी ये जानलेवा भी साबित होती हैं। इससे इलाज का खर्च बढ़ जाता है और कामकाज का नुकसान भी होता है। इससे नौकरी जा सकती है और इलाज के लिए कर्ज भी लेना पड़ जाता है। जिस देश में इलाज के लिए एक बार अस्पताल में भर्ती होने पर ही देश की बड़ी आबादी की माली हालत खस्ता हो जाती है वहां ऐसी दवाओं की वजह से भारी संख्या में लोग गरीबी के जंजाल में फंस जाते हैं। घटिया और नकली दवाएं किसी भी उम्र के लोगों की जान ले सकती हैं मगर नवजात शिशुओं और बुजुर्गों के लिए ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। इनसे लोगों की सेहत को दीर्घकालिक खतरे भी बढ़ जाते हैं जैसे बीमारियों से लड़ने की क्षमता कमजोर होना या दवाओं का रोगाणुओं पर बेअसर होना।

अमृतवाणी

## दीपों की बातें

**एक** बार की बात है। दीपावली की शाम थी। मैं दीये सजा ही रहा था कि एक ओर से दीपों के बात करने की आवाज सुनाई दी। मैंने ध्यान लगा कर सुना। चार दीपक आपस में बात कर रहे थे। कुछ अपनी सुना रहे थे कुछ दूसरों की सुन रहे थे। पहला दीपक बोला, 'मैं हमेशा बड़ा बनना चाहता था, सुंदर, आकर्षक और चिकना घड़ा बनना चाहता था पर क्या करूँ जरा-सा दिया बन गया।' दूसरा दीपक बोला, 'मैं भी अच्छी भव्य मूर्ति बन कर किसी अमीर के घर जाना चाहता था। उनके सुंदर, सुसज्जित आलीशान घर की शोभा बढ़ाना चाहता था। पर क्या करूँ मुझे कुम्हार ने छोटा-सा दिया बना दिया।' तीसरा दीपक बोला, 'मुझे बचपन से ही पैसों से बहुत प्यार है काश मैं गुल्लक बनता तो हर समय पैसों में रहता।' चौथा दीपक चुपचाप उनकी बातें सुन रहा था। अपनी बारी आने पर मुस्करा कर अत्यंत विनम्र स्वर में कहने लगा, 'एक राज की बात मैं आपको बताता हूँ, कुछ उद्देश्य रख कर आगे पूर्ण मेहनत से उसे हासिल करने के लिए प्रयास करना सही है लेकिन यदि हम असफल हुए तो भाग्य को कोसने में कहीं भी समझदारी नहीं हैं। यदि हम एक जगह असफल हो भी जाते हैं तो और द्वार खुलेंगे। जीवन में अवसरों की कमी नहीं हैं, एक गया तो आगे अनेक मिलेंगे। अब यही सोचो, दीपों का पर्व - दिवाली आ रहा है, हमें सब लोग खरीद लेंगे, हमें पूजा घर में जगह मिलेगी, कितने घरों की हम शोभा बढ़ाएँगे। इसलिए दोस्तों, जहाँ भी रहो, जैसे भी रहो, हर हाल में खुश रहो, द्वेष मिटाओ। खुद जलकर भी दूसरों में प्रकाश फैलाओ, नाचो गाओ, और खुशी-खुशी दिवाली मनाओ।'



तीखी नजर

## चांदी उछली सोना लुढ़का



अखतर अली

जिन्हें खरीदना नहीं है, उन्हें भाव की चिंता ज्यादा है। अब निकम्मे मौसम पर बरसते नहीं, सोने चांदी के भाव पर चमकने लगे हैं। इन दिनों बाजार में टमाटर- प्याज और चांदी- सोना में स्पर्धा चल रही है। हालांकि एक दिन इन्हें धड़ाम से गिरना है लेकिन आज तो इनके उछलने का दिन है। वो सारे लोग जो टमाटर नहीं खरीद पा रहे हैं उनकी चिंता सोने का रेट है। दूर दराज रहने वाले रिश्तेदारों से वहां के भाव की जानकारी ले रहे हैं। इस बात का अफसोस कर रहे हैं, जब पैंतीस का रेट था, तब सौ तोला खरीद लिए होते तो आज रकम डबल हो जाती। जब भाव पैंतीस का था, तब भी इन्होंने ही कहा था, जब भाव बीस का था तब सौ तोला ले लिए होते तो आज कमा लेते। सौ तोला से कम ये लोग खरीदते ही नहीं हैं। इनके सारे लेन देन मुंह जुबानी ही होते हैं। ये पान की दुकान पर खड़े-खड़े करोड़ों का लेन देन मुह जबानी कर लेते हैं। कल्पना में ही लाखों कमा कर पान का पैसा उधारी खाते में लिखा कर निकल जाते हैं।

यह जमाने का अजीब चलन है कि खरीदने वाले को महंगा भी वाजिब लगता है और सिर्फ भाव पूछने वाले को सस्ता भी बहुत महंगा महसूस होता है। बाजार की उठा पटक से लेखन भी प्रभावित होता है वरना रचना का शीर्षक 'जवानी उछली- बुढ़ापा लुढ़का' भी हो सकता था। टमाटर के रेट पर चर्चा करना समझ में आता है क्योंकि उसे रोज खरीदना होता है और हर एक को खरीदना होता है लेकिन चांदी सोना के भाव पर हर शख्स परेशान सा क्यों है? अगर बढ़ती कीमत से परेशान हो तो किताबों की बढ़ती कीमत पर परेशान क्यों नहीं होते? किताबों की कीमत भी तो इसी अनुपात में बढ़ी है।

किताब के भाव की बात किया तो एक सज्जन कहने लगे- सोना और किताब हमेशा अनुभवी व्यक्ति के साथ जाकर लेना चाहिए वरना आप ठगे भी जा सकते हैं। मैं एक किताब जो अच्छी खासी महंगी थी खरीद लिया। घर आकर कर पढ़ा तो समझ गया कि साहित्य के बाजार में पाठक को कैसे ठगा जा रहा है। किताब के ऊपर तो बहुत भाव था लेकिन किताब के अंदर कोई भाव नहीं था। वह दिन है और आज का दिन है मैं साहित्य का जला अखबार भी फूंक फूंक कर पढ़ता हूं।

चांदी और सोना इश्क मोहब्बत में भी घुस गया है तभी तो कोई आशिक अपनी माशूका से कहता है-चांदी का बदन सोने की नजर और इस पर अदायें क्या कहिये तो कोई कहता है चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल-एक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल। हालांकि सोना अर्थव्यवस्था का जादू है, फिर भी एक वर्ग ऐसा है, जो सोना नहीं मांगता वह बस सोना चाहता है और वह हर अवसर पर सो लेता है।

एक शायर हुए थे शौक जालंधरी, जिन्होंने दो लाइनों में मेरे दिल की बात कह दी आप भी जानिये-
मेरे अशआर कभी उगलेगे सोना/इसी उम्मीद में बाल चांदी हो गए।

नजरिया

# आस्था और संस्कृति को सहेजता कुंभ




**अरविंद जयतिलक**

**कई इतिहासकारों का मानना है कि कुंभ मेला 525 ई0 पूर्व में प्रारंभ हुआ। शास्त्रों में जाएं तो कुंभ से जुड़ी कई कथानकें भारतीय जनमानस में प्रचलित हैं। इनमें सर्वाधिक मान्य कथानक देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंदे गिरने को लेकर है।**

कुंभ का आयोजन भारतीयों के लिए एक धार्मिक संस्कार और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन भर नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संसार को भारतीय मनीषियों के त्याग, तपस्या और बलिदान से परिचित कराने का अद्भुत अवसर भी है। दुनिया भर के करोड़ों लोगों का कुंभ की ओर खींचे चले आना इसी सत्य को प्रतिध्वनित करता है। शास्त्रों में कहा गया है कि 'माघे वृष गते जीवे मकरे चंद्र भाष्करौ, अमवस्याम तदा कुंभ प्रयागे तीर्थ नायके।' यानी माघ का महीना और गुरु, वृष राशि पर होते हैं। सूर्य और चंद्रमा मकर राशि पर होते हैं और अमावस्या होती है तब प्रयागराज तीर्थ में कुंभ पर्व पड़ता है। उल्लेखनीय है कि प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन व नासिक इन चारों स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष कुंभ महापर्व का आयोजन होता है। प्रयाग में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम, हरिद्वार में गंगा, उज्जैन में शिप्रा और नासिक में गोदावरी के तट पर कुंभ महापर्व का आयोजन होता है। इनमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष और प्रयाग में दो कुंभ पर्वों के बीच छः वर्ष के अंतराल में अर्द्धकुंभ भी लगता है।

शास्त्रीय और खगोलीय गणनाओं के अनुसार कुंभ महापर्व की शुरूआत मकर संक्रांति के दिन से होता है और कई दिनों तक चलता है। मकर संक्रांति के होने वाले इस योग को 'कुंभ स्नान योग' कहते हैं। शास्त्रों के अनुसार यह दिन मांगलिक होता है और ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं और कुंभ में स्नान करने से आत्मा को जीवन-मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। शास्त्रों में कुंभ स्नान की तुलना साक्षात स्वर्ग दर्शन से की गयी है। पौराणिक मान्यता है कि महाकुंभ के दरम्यान गंगा का जल औषधिपूर्ण और अमृतमय हो जाता है और उसमें स्नान करने वाले तमाम विकारों से मुक्त हो जाते हैं। गंगा और यमुना दोनों ही नदियां भारतीय जन की आराध्य हैं। भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पर्याय हैं। पौराणिक मान्यता है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। स्कंद पुराण व वाल्मीकी रामायण में गंगा अवतरण का विशद व्याख्यान है। शास्त्र, पुराण और उपनिषद भी गंगा की महत्ता और महिमा का बखान करते हैं। इन्हीं नदी घाटियों में ही आर्य सभ्यता पल्लवित और पुष्पित हुई।

प्राचीन काल में व्यापारिक एवं यातायात की सुविधा के कारण देश के अधिकांश नगर नदियों के किनारे ही विकसित हुए। आज भी देश के लगभग सभी धार्मिक स्थल किसी न किसी नदी से ही संबंद्ध हैं। गंगा और यमुना की महत्ता इस अर्थ में भी ज्यादा है कि देश की एक बड़ी आबादी इनके जल से प्राणवान और ऊर्जवान है। इन दोनों नदियों का धार्मिक महत्व के अलावा विशेष आर्थिक सरोकार भी है। गंगा के बेसिन में देश की 43 फीसद आबादी निवास करती है। प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से उनकी जीविका गंगा पर ही निर्भर है। लेकिन विडंबना है कि गंगा किस्म-किस्म के प्रदुषण की शिकार है और उसका पानी आचमन योग्य नहीं रह गया है। लेकिन अच्छी बात है कि गंगा सफाई को लेकर सरकार का अभियान जारी है वहीं जनमानस में संजीदगी बढ़ी है।



कुंभ मेले के इतिहास में जाएं तो इसका प्रारंभ कब हुआ कोई निश्चित प्रमाण नहीं है। उसका मूल कारण यह है कि वैदिक और पौराणिक काल में इतिहास लिखने की परंपरा नहीं थी और कुंभ तथा अर्द्धकुंभ स्नान में आज जैसी कोई प्रशासनिक व्यवस्था भी नहीं थी जो लेखनबद्ध करे। यहीं कारण है कि कुंभ मेले का कोई लिखित ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। लेकिन गौर करें तो शास्त्रों में कुंभ का विशद वर्णन उपलब्ध है। स्मृतियां, धर्मशास्त्र, रामायण, महाभारत एवं अन्य समकालीन ग्रंथों में कुंभ का विशद वर्णन है। ऐतिहासिकता में जाएं तो गुप्त काल में भी कुंभ के सुव्यवस्थित होने के भरपूर साक्ष्य उपलब्ध हैं। जहां तक प्रमाणिक तथ्यों का सवाल है तो शिलादित्य हर्षवर्धन के समय प्रयाग की महत्ता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इतिहास में वर्णित है कि सम्राट हर्षवर्धन अपनी दानशीलता के लिए संसार में प्रसिद्ध है। प्रति पांचवे वर्ष प्रयाग में उसका महादान उत्सव उसकी दानशीलता का ज्वलंत उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि वह प्रति पांचवे वर्ष प्रयाग में महादान उत्सव का आयोजन करता था और उस अवसर पर साधुओं, अनाथों, रोगियों इत्यादि को करोड़ों की संपत्ति दान में दे देता था। अस्त्र-शस्त्रों के अतिरिक्त अपना सब कुछ दान देने के उपरांत वह परम शांति और संतोष का अनुभव करता था। 643-44 ई0 में प्रयाग की छठी सभा महोत्सव में चीनी विद्वान ह्वेनसांग भी मौजुद था। यह सभा 75 दिन तक चली थी और इस सभा में पांच लाख से अधिक लोग सम्मिलित हुए थे। इतिहासकारों का मानना है कि हर्षवर्धन कुंभ मेले के दौरान ही दान महोत्सव का आयोजन करता था। बाद में श्री आदि जगद्गुरु शंकराचार्य तथा उनके शिष्य सुरेश्वराचार्य ने दसनामी संन्यासी अखाड़ों के लिए संगम तट पर स्नान की व्यवस्था की।

कई इतिहासकारों का मानना है कि कुंभ मेला 525 ई0 पूर्व में प्रारंभ हुआ। शास्त्रों में जाएं तो कुंभ से जुड़ी कई कथानकें भारतीय जनमानस में प्रचलित हैं। इनमें सर्वाधिक मान्य कथानक देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंदे गिरने को लेकर है। जब माघ अमावस्या के लिए सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में और गुरु मेष राशि में होता है। गौर करें तो कुंभ महापर्व विश्व में किसी भी धार्मिक प्रयोजन हेतु श्रद्धालुओं का सबसे बड़ा जमावड़ा है और यह उसकी धार्मिक-सांस्कृतिक व वैज्ञानिक महत्ता को ही निरूपित करता है।

# राहुल, जडेजा और आकाश ने बचाया फ्लोऑन

## केएल राहुल (84), जडेजा (77) ने साहसिक पारी खेली, भारत ने पहली पारी में नौ विकेट पर बनाए 252 रन



### पैट कमिंस ने झटके चार विकेट भारत अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर से 193 रन पीछे

● ब्रिसबेन,

**बॉर्डर** गावस्कर ट्रॉफी के भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को वर्षा बाधित मुकाबले में भारत ने के एल राहुल (84), रवींद्र जडेजा (77) और आकाश दीप (नाबाद 27) रनों साहसिक अर्धशतकीय पारियों की मदद से फ्लोऑन को टालते हुए नौ विकेट पर 252 रन बना लिये है। दिन का खेल समाप्त होने के समय जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) और आकाश दीप (नाबाद 27) क्रीज पर मौजूद है।

भोजनकाल के बाद बारिश रुकने पर बल्लेबाजी करने उतरी रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी की जोड़ी ने 53 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। 60वें ओवर में पैट कमिंस ने नीतीश कुमार रेड्डी (16) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके पांच रन बाद मिचेल स्टार्क ने मोहम्मद सिराज (01) को आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। इस दौरान जडेजा एक छोर मजबूती से थामे रहे। जडेजा ने 82 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 22वां पचासा है। इसके बाद पैट कमिंस ने रवींद्र जडेजा को एम मार्श के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को नौवीं सफलता दिलाई। जडेजा ने 123 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (77)रनों की पारी खेली और 75वें ओवर में पैट कमिंस की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर आकाश दीप ने भारत को फ्लोऑन से बचाया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने नौ विकेट पर 252 रन बना लिये है और जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) और आकाश दीप (नाबाद 27) क्रीज पर मौजूद है। भारत अभी भी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये 445 से 193 रन पीछ हैं। इससे पहले भारत ने मंगलवार को चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम के स्कोर में 23 रन जुडे थे कि पैट कमिंस ने रोहित शर्मा 10 को अपना शिकार बनाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए पांचवां झटका। राहुल और रोहित के बीच 30 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। इसी दौरान केएल राहुल ने टेस्ट करियर का 17वां अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में उनका दूसरा अर्धशतक है। राहुल ने 139 गेंद में आठ चौके लगाते हुए (84) रन बनाये। इससे पहले सोमवार को यशस्वी चार रन, गिल एक रन, विराट तीन रन और पंत नौ रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क को तीन विकेट मिले। हेजलवुड और नेथन लायन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 445 रन

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मार्श बो स्टार्क | 04 | 2 | 1 | 0 |
| राहुल का स्मिथ बो लायन | 84 | 139 | 8 | 0 |
| गिल का मार्श बो स्टार्क | 01 | 3 | 0 | 0 |
| कोहली का कैरी बो हेजलवुड | 03 | 16 | 0 | 0 |
| पंत का कैरी बो कमिंस | 09 | 12 | 0 | 0 |
| रोहित का कैरी बो कमिंस | 10 | 27 | 2 | 0 |
| जडेजा का मार्श बो कमिंस | 77 | 123 | 7 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी बो कमिंस | 16 | 61 | 1 | 0 |
| सिराज का कैरी बो स्टार्क | 01 | 11 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 10 | 27 | 0 | 1 |
| आकाश दीप नाबाद | 27 | 31 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 10 रन

कुल : 74.5 ओवर में नौ विकेट पर 252 रन

विकेट पतन: 1-4, 2-6, 3-22, 4-44, 5-74, 6-141, 7-194, 8-201, 9-213

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 24 | 3 | 83 | 3 |
| जॉश हेजलवुड | 6 | 2 | 22 | 1 |
| पैट कमिंस | 2.5 | 2 | 80 | 4 |
| नेथन लायन | 21 | 0 | 54 | 1 |
| ट्रैविस हेड | 1 | 0 | 1 | 0 |
| मिचेल मार्श | 2 | 0 | 6 | 0 |

### हेजलवुड चोट के कारण तीसरे टेस्ट से हुए बाहर

**ब्रिसबेन, वार्ता** : ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर टेस्ट श्रृंखला के तीसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है और शेष मैचों में खेलने की संभावना नहीं हैं। यहां तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को हजलवुड ने पहले सत्र में केवल एक ओवर फेंका और पिंडली की चोट शिकायत के बाद उन्हें आगे की जांच के लिए मैदान से बाहर ले जाया गया। हेजलवुड की जगह अभी तक किसी खिलाड़ी का नाम तय नहीं किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में पुष्टि की जोश हेजलवुड को पिंडली की दाईं ओर की चोट लगी है, जिसके कारण वह ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच में आगे नहीं खेल पाएंगे। बयान में कहा गया कि उनके टेस्ट श्रृंखला के शेष मैचों से बाहर हो सकते है। हेजलवुड इससे पहले एडिलेड टेस्ट भी चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। उनकी जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को मिली थी। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि बोलैंड एमसीजी में होने वाले चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में हेजलवुड की जगह ले सकते हैं।

### वेस्टइंडीज ने भारत को नौ विकेट से हराया

**नवी मुंबई, वार्ता**: गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान हेली मैथ्यूज (नाबाद 85), किआना जोसेफ (38) और शमैन कैंपबेल (नाबाद 29) की तूफानी पारियों के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। भारत के 159 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज किआना जोसेफ की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 66 रन जोड़े। सातवें ओवर में साइमा ठाकोर ने किआना जोसेफ को आउट कर भारत का पहली सफलता दिलाई। जोसेफ ने 22 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली। हेली मैथ्यूज ने 47 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए (नाबाद 85) रन बनाये। शमैन कैंपबेल ने 26 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (नाबाद 29) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने 15.4 ओवर में 160 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। भारत की ओर से एकमात्र विकेट साइमा ठाकोर को मिला।

## पारुणिका सिसोदिया की लाजवाब गेंदबाजी


फाइल फोटो

### बारिश ने रोका भारत बनाम नेपाल महिला अंडर-19 एशिया कप मैच

**नई दिल्ली** : महिला अंडर 19 एशिया कप में भारत और नेपाल के बीच आज का मुकाबला बारिश के कारण बिना परिणाम के समाप्त हो गया, लेकिन इस मैच में भारत की गेंदबाज पारुणिका सिसोदिया ने एक शानदार प्रदर्शन किया।भारत की युवा क्रिकेटर और मेरठ की बेटी पारुणिका सिसोदिया ने अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से नेपाल को बुरी तरह से दबोच लिया। पारुणिका ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से नेपाल की बल्लेबाजी को बिखेरते हुए 4 ओवर में केवल 12 रन देकर 4 विकेट झटके, जिससे नेपाल की टीम 94/8 के स्कोर पर सिमट गई। उनका ये प्रदर्शन न केवल मैच का टर्निंग प्वाइंट बना, बल्कि भारत के लिए एक शानदार शुरुआत भी साबित हुआ। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 94 रन बनाए। पारुणिका के शानदार स्पैल के अलावा भारत की अन्य गेंदबाजों ने भी निरंतर दबाव बनाए रखा। जवाब में भारत ने 28 रन बनाए थे, और बिना किसी विकेट के खेल को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन अचानक आई बारिश ने खेल को रोक दिया। मैच का परिणाम न निकलने पर दोनों टीमों को 1-1 अंक मिलेंगे। अब दोनों टीमें आगामी मैचों में जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगी।

## सार संक्षेप

### राजस्थान को रौंद कर यूपी कूच बिहार के क्वार्टर फाइनल में

**कानपुर** : अमन चौहान (100) और भाव्य गोयल (111) के शानदार शतकों के बाद आदित्य कुमार सिंह ( 59 रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से उत्तर प्रदेश ने कूच बिहार ट्रॉफी के चार दिवसीय मुकाबले में मंगलवार को राजस्थान को 195 रनों से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रीनपार्क मैदान पर उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 258 रन बनाये थे जिसके जवाब में राजस्थान की टीम 254 रन बना कर आउट हो गयी थी। चार रन की मामूली मगर अहम लीड के साथ उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और 391 रन बना कर मेहमान टीम को जीत के लिये 396 रन का लक्ष्य दिया। राजस्थान की पहली पारी में पंजा खोलने वाले आदित्य कुमार सिंह का खौफ दूसरी पारी में भी मेहमान बल्लेबाजों पर साफ दिखा और आदित्य ने इस खौफ को बेजा भी साबित नही होने दिया और एक के बाद एक पांच विकेट चटका कर मेहमानों का पुलिदा 200 रन पर बांध दिया। उन्हे मैन आफ द मैच चुना गया। मानव कार्तिकेय (40) राजस्थान की ओर से दूसरी पारी में सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज बने जबकि जतिन सैनी ने 31 और कार्तिक शर्मा ने 26 रन बनाये। राजस्थान की दूसरी पारी में संघर्ष का जज्बा नहीं दिखा सका और पूरी टीम महज 39.5 ओवर में ही पवेलियन लौट गयी।

### हरियाणा स्टीलर्स को हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंची यूपी

**पुणे** : भवानी राजपूत (11) के शानदार खेल की बदौलत यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में मंगलवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के सीजन के 117वें मैच में हरियाणा स्टालर्स को 31-24 के स्कोर से हराकर अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। यूपी की टीम सात मैचों से अपराजित है। यूपी ने 20 मैचो में 11वीं जीत हासिल की जबकि पहले ही प्लेआफ का टिकट कटा चुके हरियाणा को 21 मैचों में छठी हार मिली। यूपी पर जीत हरियाणा को सीधे सेमीफाइनल में पहुंचा सकती थी लेकिन हरियाणा कोई खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सका। विनय और विशाल ने 6-6 अंक लिए जबकि शादलू को चार टैकल प्वांट्स मिले। हरियाणा मनमाफिक शुरुआत के साथ तीन मिनट में ही 4-0 से आगे हो गया था। इसमें विनय के तीन अंक शामिल थे। इसके बाद भवानी ने साहिल को लपक यूपी का खाता खोला। और फिर यूपी ने जल्द ही स्कोर बराबर करते हुए हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। लेकिन जयदीप ने भवानी को लपक 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 6-5 कर दिया। ब्रेक के बाद हरियाणा को 1 के मुकाबले दो अंक मिले लेकिन उसके लिए सुपर टैकल आन था। शिवम ने हालांकि साहुल को आउट कर उसे इस स्थिति से निकाल दिया। फिर डू ओर डाई रेड पर भरत का शिकार कर शादलू ने स्कोर 10-6 कर दिया। सुमित ने हालांकि इसी तरह की रेड पर साहिल को लपक हिसाब बराबर किया। इस बीच एक नाटकीय परिवर्तन हुआ। भवानी ने सुपर रेड के साथ हरियाणा को आलआउट की ओर धकेला और फिर इसे अंजाम देकर यूपी ने 13-11 की लीड ले ली। आलइन के बाद आशू ने शिवम का शिकार किया और फिर भरत ने जयदीप को बाहर कर दिया।

## आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए किम को फटकार

● दुबई,

**ऑस्ट्रेलिया** की खिलाड़ी किम गर्थ को पर्थ में भारत के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 का उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर फटकार लगाई गई है।



गर्थ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अभ्रद भाषा' से संबंधित है। उनके 24 महीने की अवधि में इस पहले अपराध के लिए अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह घटना भारत की पारी के चौथे ओवर में उस समय हुई जब गर्थ ने बाउंड्री लगने के बाद अद्रभ भाषा का इस्तेमाल किया। गर्थ ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड गिल्बर्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर क्लेयर पोलोसाक और जैकलीन विलियम्स, तीसरे अंपायर एलोइस शेरिडन और चौथे अंपायर एशली गिबन्स ने आरोप तय किए। उल्लेखनीय है कि लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है।

## हॉकी लीग के रांची-राउरकेला के मैचों में प्रवेश होगा मुफ्त

**नई दिल्ली, वार्ता**: हॉकी इंडिया ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के लिए रांची और राउरकेला में होने वाले मैचों में प्रशंसकों का प्रवेश मुफ्त होगा। हॉकी इंडिया की इस पहल के तहत अधिक से अधिक संख्या में प्रशंसक स्टेडिमय में जाकर मैच रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। यह कदम हॉकी इंडिया के उस विजन का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को देश के हर कोने में ले जाकर इसके उत्साही समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाना। हॉकी इंडिया का लक्ष्य टिकट बिक्री से मिलने वाले राजस्व को छोड़कर इस खेल प्रति और इसके उत्साहि प्रशंसकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है। हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ्त टिकट देकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं। एचआईएल की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा कि हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट पर अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसक हों।

## हैमिल्टन टेस्ट में न्यूजीलैंड की रिकॉर्ड जीत

### न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में रिकॉर्ड 423 रनों से हराया, इंग्लैंड ने 2-1 से जीती सीरीज

● हैमिल्टन,

**मिचेल** सैंटनर (चार विकेट), टिम साउदी और मैट हेनरी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैड को दूसरी पारी में 234 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला रिकॉर्ड 423 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं शुरुआती दो मैच जीतने वाली इंग्लैड तीन मैचों की सीरीज विजेता रही।

इंग्लैंड ने मंगलवार को दो विकेट पर 18 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जेकब बेथेल और जो रूट ने संभलकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिये 104 रन जोड़े। मिचेल सैंटनर ने जो रूट (54) को पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद हैरी ब्रूक (01) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। टिम साउदी ने जेकब बेथेल (76) को आउटकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। गस ऐटकिंसन (43) और ब्राइडन कार्स (11) को मिचेल सैंटनर ने अपना शिकार बनाया। ऑली पोप (17) को मैट हेनरी ने बोल्ड आउट किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी 47.2 ओवर में 234 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिये। टिम साउदी और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले केन विलियमसन (156), डैरिल मिचेल (60), मिचेल सैंटनर (49) और टॉम ब्लंडल (नाबाद 44) की साहसिक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को टेस्ट मैच के तीसरे दिन 658 रनों का विशाल लक्ष्य था। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। मैथ्यू पॉट्स ने रचिन रवींद्र (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने मोर्चा संभाला। डैरिल मिचेल (60) को जेकब बेथेल ने आउट किया। ग्लेन फिलिप्स (तीन) और मिचेल सैंटनर (49) रन बनाकर आउट हुये। केन विलियमसन ने 204 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (156) रनों की शानदार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 101.4 ओवर में 453 रन बनाये। और पहली पारी के आधार पर मिली 204 रनों की बढ़त के साथ इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की ओर से जेकब बेथेल ने तीन, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट लिये। मैथ्यू पॉट्स, गस ऐटकिंसन और जो रूट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 143 रन बनाये थे।



## सीडब्ल्यूआई ने डैरेन सैमी को वेस्टइंडीज टीम के सभी प्रारूपों के कोच किया नियुक्त

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता** : क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के निदेशक माइल्स बैसकॉम्ब ने डैरेन सैमी को वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के सभी प्रारुपों का कोच नियुक्त किया है। वह अप्रैल 2025 में वर्तमान टेस्ट कोच आंद्रे कोले का स्थान लेंगे।

सीमित ओवर कोच डैरेन सैमी सभी प्रारूपों के लिए कोच बनाये जाने पर कहा कि किसी भी प्रारुप में, किसी भी पद पर वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए हमेशा से सम्मान की बात है। हालांकि इस खबर की कल्पना मैंने भी नहीं की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कोच बनूंगा, लेकिन जिस तरह से अभी तक चीजे सामने आयी हैं उससे मुझे इस काम से प्यार हो गया है। मैं अपनी नई भूमिका, नई यात्रा के लिए भी उत्साहित हूं। सैमी के कोचिंग कार्यकाल में मई 2023 से वेस्टइंडीज ने 28 में से 15 एकदिवसीय मैच जीते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)